दैनिक पंचांग
सूर्योदयः 05:27 ए एम
सूर्यास्तः 07:09 पी एम
तिथिः चतुर्थी - 12:57 ए एम, मई 24 तक
नक्षत्रः आर्द्रा - 12:39 पी एम तक
योगः शूल - 04:47 पी एम तक
करणः वणिज - 12:04 पी एम तक
द्वितीय करणः विष्टि - 12:57 ए एम, मई 24 तक
पक्षः शुक्ल पक्ष
वारः गुरूवार

Digital Edition

हिन्दी दैनिक

झारखण्ड देखो

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

www.jharkhanddekho.com • वर्ष 03 • अंक 259 • पृष्ठ 8 • दुमका, गुरूवार 21 सितम्बर 2023 • मूल्य 2 रुपये Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com

संक्षिप्त समाचार

महिला आरक्षण को लेकर उमा ने लिखा पीएम को पत्र

भोपाल/एजेंसी। मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता उमा भारती ने महिला आरक्षण के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर संबंधित विधेयक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के साथ ही अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की महिलाओं को भी आरक्षण का प्रावधान करने की मांग की है।

सुश्री भारती ने इस संबंध में सोशल मीडिया एक्स में पोस्ट के साथ ही यहां मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि आज महिला आरक्षण विधेयक संसद में प्रस्तुत हुआ है। इसमें ओबीसी वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण का प्रावधान किया जाना चाहिए। भाजपा नेता ने दावा करते हुए कहा कि वर्ष 1996 में एचडी देवगोड़ा ने महिला आरक्षण संबंधी विधेयक संसद में प्रस्तुत किया था। तब भी उन्होंने (सुश्री भारती) आरक्षण संबंधी संशोधन सदन के समक्ष प्रस्तुत किया था और उस समय वह सदन की स्टैंडिंग कमेटी को सौंप दिया गया, जिससे यह विधेयक विचाराधीन हो गया। सुश्री भारती ने अपनी पोस्ट में कहा कि इस विधेयक की सार्थकता एवं व्यापकता उस 'संशोधन' के साथ ही होगी, जो उन्होंने प्रस्तुत किया था। सुश्री भारती ने कहा कि उन्होंने आज ही पत्र के जरिए प्रधानमंत्री को संशोधन का स्मरण कराया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी को मेरा पत्र मिल जाने की सूचना भी पीएमओ से मुझे प्राप्त हो गई है।

'कनाडा छोड़ो, भारत जाओ नही तो ...'

गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कनाडा में रह रहे हिंदुओं को धमकाया

ओटावा/एजेंसी।

2019 में भारत में प्रतिबंधित खालिस्तान समर्थक समूह सिख फॉर जस्टिस ने खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर चल रहे राजनयिक विवाद के बीच कनाडा में रहने वाले हिंदुओं को धमकी दी है और भारत का समर्थन करने के लिए उन्हें देश छोड़ने के लिए कहा है. इंटरनेट पर वायरल हो रहे एक वीडियो में, एसएफजे का आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कनाडाई सिखों से 29 अक्टूबर को वैंकूवर में तथाकथित जनमत संग्रह के लिए मतदान करने का आह्वान करता नजर आ रहा है.

भारत में आतंकवादी घोषित किए गए पन्नू ने कहा, 'भारत-हिंदू कनाडा छोड़ो, भारत चले जाओ.' उसने दावा किया कि खालिस्तान समर्थक सिख

'हमेशा कनाडा के प्रति वफादार रहे हैं और उन्होंने हमेशा कनाडा का पक्ष लिया है. यह वीडियो कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा दावा किए जाने के दो दिन बाद सामने आया है. बता दें कि जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया कि भारत सरकार के एजेंटों और जून में निज्जर की हत्या के बीच 'संभावित संबंध' था. इन गंभीर आरोपों के कारण दोनों देशों के वरिष्ठ राजनयिकों को निष्कासन का सामना करना पड़ा. वहीं कड़े शब्दों में दिए गए बयान में, विदेश मंत्रालय ने उनके दावे को 'बेतुका और प्रेरित' कहकर खारिज कर दिया.

विदेश मंत्रालय ने कहा, 'इस तरह के निराधार आरोप खालिस्तानी आतंकवादियों और चरमपंथियों से ध्यान हटाने की कोशिश करते हैं, जिन्हें कनाडा में आश्रय प्रदान किया गया है और जो भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा बने हुए हैं.

● कनाडा में रहने वाले भारतीयों के लिए जारी हुई एडवाइजरी, अलर्ट रहने का निर्देश

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत और कनाडा के बीच जारी तनाव के बाद अब एडवाइजरी की गई है। बुधवार (20 सितंबर) को भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से कनाडा की यात्रा का प्लान बना रहे लोगों और वहां रह रहें भारतीय नागरिकों और छात्रों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि भारत विरोधी गतिविधियों और आपराधिक हिंसा को ध्यान में रखते हुए कनाडा में रहने वाले भारतीय नागरिकों और छात्रों को अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है। इसके अलावा कनाडा की यात्रा करने वाले लोगों से भी सावधानी बरतने की बात कही गई है। साथ ही कहा गया है कि भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे कनाडा के उन क्षेत्रों और संभावित स्थानों की यात्रा करने से बचें जहां हिंसक घटनाएं देखी गई हैं।

श्री राम मंदिर को बम से उड़ाने की मिली धमकी, पुलिस प्रशासन में मचा हड़कंप



अयोध्या/एजेंसी। यूपी के अयोध्या में स्थित भगवान श्री राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से जिला और पुलिस प्रशासन में हड×कंप मच गया। दरअसल, 19 सितंबर की शाम को लखनऊ कंट्रोल रूम में किसी ने कॉल कर मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दे दी। धमकी मिलते ही लखनऊ और अयोध्या पुलिस सक्रिय हो गई और अयोध्या पुलिस ने श्री राम मंदिर के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर दिए। वहीं, धमकी देने वाले नंबर को पुलिस ने ट्रेस कर लिया, नंबर बरेली का निकला। इसके बाद लखनऊ पुलिस ने बरेली पुलिस को कॉल कर धमकी देने वाले नंबर की जानकारी दी। जांच के दौरान पता चला कि नंबर बरेली के फतेहगंज पूर्वी के रहने वाले इटौरिया निवासी गिरीश के नाम पर दर्ज है। एसओजी और सर्विलांस की टीम रात में गिरीश के पर पहुंची। गिरीश ने बताया कि जिस समय कॉल की थी, उस समय फोन उनके बच्चे के पास था। बच्चे की उम्र 14 साल है। वह 8वीं का छात्र है, पढ़ाई की वजह से उसने परिजनों से फोन लिया था। पुलिस की पूछताछ में छात्र ने बताया कि उसने यू-टयूब वीडियो देखकर मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। फिलहाल पुलिस छात्र को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

नारी शक्ति वंदन बिल राजीव गांधी का सपना, खुद मेरी जिंदगी का ये मार्मिक क्षण: सोनिया गांधी

नई दिल्ली/एजेंसी

नई संसद के निचले सदन लोकसभा में बुधवार को संसद के विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) पर बुधवार सुबह हुई चर्चा में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी अपनी राय रखी. उन्होंने सदन में कहा कि 'वह इस बिल के समर्थन में हैं. विधेयक को ओबीसी, एससी और एसटी के लिए एक उप-खंड के साथ तुरंत लागू किया जाना चाहिए. इसे तुरंत अमल में लाया जाना चाहिए. पहली दफा ये बिल राज्यसभा में राजीव गांधी लेकर आए थे'. उन्होंने इसे राजीव गांधी का अधूरा सपना बताया.

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा बिल पर चर्चा किए जाने के बाद कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने विपक्ष की तरफ से अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि 'महिलाओं में सागर जैसा धीरज है. मै बिल के समर्थन में हूं. इंदिरा जी का व्यक्तित्व इस सिलसिले में बहुत ही रोशन रहा है. यह मेरी ज़िंदगी का मार्मिक क्षण है. पहली दफा ये बिल राज्यसभा में राजीव गांधी लाए, उस समय वो 7 वोटों से गिर गया था.

आज उसी का नतीजा है कि देशभर में हमारे पास 15 लाख चुनी हुई महिला नेता हैं.'

सोनिया गांधी ने आगे कहा कि 'राजीव जी का सपना इस बिल के पारित होने के साथ ही पूरा होगा. कांग्रेस इस बिल का समर्थन करती है. हमें इसके पास होने से खुशी है, मगर इसके साथ एक चिंता भी है'.

उन्होंने कहा कि 'लेकिन अब महिलाओं को और इंतजार करने को कहा जा रहा है. अभी और कितना इंतजार करना होगा. 3 साल, 4 साल, 6 या 8 साल. इसके साथ-साथ कास्ट सेंसस कराकर इसमें देर की जा रही है'.

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने नारी शक्ति वंदन बिल का समर्थन करते हुए लोकसभा में कहा कि सरकार को चाहिए वो इस बिल को तुरंत लागू करे. लेकिन सरकार को ये भी चाहिए कि वो एससी,एसटी और ओबीसी से आने वाली महिलाओं को भी आरक्षण देकर उन्हें भी आगे आने का मौका दें. उन्होंने आगे कहा कि मैं आपको बता दूं कि महिलाओं को पंचायती राज और नगरपालिकाओं में आरक्षण देने के लिए देश में पहली बार कोई बिल लेकर मेरे पति और उस समय के प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी आए थे. लेकिन उस समय वह बिल कुछ वोटों से पारित नहीं हो पाया था. जिसे बाद में नरसिम्हा सरकार ने पारित किया.

उन्होंने आगे कहा कि नए भारत के निर्माण के हर मोर्चे पर स्त्री पुरुष के साथ कंधे से कंधे मिलाकर लड़ी है.

पीएम मोदी का वॉट्सऐप चैनल हुआ लाईव, इस तरह आप भी जुड़े पीएम के साथ



नई दिल्ली/एजेंसी।

मैसेजिंग एप्लिकेशन वाट्सऐप द्वारा पेश किया जाने वाले फीचर ज़रिए पीएम नरेंद्र मोदी वाट्सऐप चैनल्स से जुड़ गए है। पीएम मोदी के वाट्सऐप चैनल का स्क्रीनशॉट शेयर किया गया है। यह फीचर यूजर्स को एक तरफ़ा चैनल शुरू करने और एक साथ बड़ी संख्या में ग्राहकों से जुड़ने की अनुमति देती है। उन्होंने अपने नए वाट्सऐप चैनल पर नए संसद भवन की एक तस्वीर शेयर की है। आइए आपको बताते हैं कि आप वाट्सऐप पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चैनल से कैसे जुड़ सकते हैं।

● ऐसे जॉइन करें पीएम मोदी का वाट्सऐप चैनल

» पीएम मोदी के वाट्सऐप चैनल को फॉलो करने में रुचि रखने वालों को बस इस लिंक पर क्लिक करना होगा।

फिर उन्हें एक चैट जैसा इंटरफ़ेस दिखाई देगा, ऊपर दाईं ओर, आपके पास 'फ़ॉलो' करने का विकल्प होगा।

वाट्सऐप चैनल्स फीचर सभी सपोर्टेड द्वहस डिवाइसों पर उपलब्ध है लेकिन यह फीचर अभी भी सभी एंड्रॉइड डिवाइसों पर नहीं आया है।

कुछ सैमसंग फोन के पास चैनल्स तक पहुंच है लेकिन बाकी को अभी तक यह नहीं मिला है।

Dipendra Singh
9335448671

R.K. Choudhary
8384831556

RK marbles & tiles

मार्बल & ग्रेनाइट
राजस्थान वाले

रेलवे स्टेशन के सामने, रिंग रोड, दुमका (झारखंड)

संक्षिप्त समाचार

थाना के सामने चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

झारखंड देखो/प्रतिनिधि। दुमका। पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार के आदेशानुसार बुधवार को जामा थाना के सामने जामा थाना पुलिस द्वारा एएसआई तामोली सिंह के नेतृत्व में अपराध नियंत्रण के लिए सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। मौके पर एएसआई तामोली सिंह ने बताया कि बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने के लिए दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का डिक्की,बैग व सीट के अंदर रखे गए समान एवं अन्य संदिग्ध वस्तुओं की जांच की गई।इस मौके पर अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

कॉलेज में किया गया पौधारोपण

झारखंड देखो/प्रतिनिधि। दुमका। एम जी कॉलेज रानीश्वर एनएसएस-1 तथा एनएसएस- यूनिट -5 द्वारा कॉलेज प्रांगण में स्व्यंसेविका तथा स्वयंसेवक द्वारा पौधा रोपण किया गया तथा अपने आस पास की साफ सफाई किया, प्लास्टिक का पैकेट कलेक्ट किया तथा एक जगह एकत्रित कर सही जगह पर रखा गया ताकि उससे प्रदूषण न हो सके। इस कार्यक्रम में एनएसएस-1की प्रोग्राम ऑफिसर डा अबर्ना रॉय तथा एनएसएस- यूनिट 5 की प्रोफेसर आशीष मंडल उपस्थित रहकर कार्य किया।, मोनी कुर्मी, स्नेहा दास, शिवली चौधरी, तृष्णा चक्रबती, मोनिका कर्मकार, अनीता रजवार, वाहिद जावेद, सुब्हान अली आदि मौजूद थे ।

भारत सरकार द्वारा संचालित आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत चिंतन शिविर का आयोजन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। कन्वेंशन सेंटर दुमका में बुधवार को नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा संचालित आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत चिंतन शिविर का आयोजन किया गया।

नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अतिरिक्त मिशन निदेशक आनन्द शेखर एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त मिशन निदेशक आनन्द शेखर एवं उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे द्वारा संबंधित पंचायत के कर्मियों से बात की गई। स्वास्थ्य के इंडिकेटर बढ़ने को लेकर एक एक कर संबंधित आंगनवाड़ी सेविका, सहिया दीदी व अन्य अधिकारियों/कर्मियों से कार्यों में आ रही परेशानी के बारे में पूछा। कहा कि आंगनवाड़ी समय अनुसार चलाए जाए और बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। पंचायत स्तर पर चिंतन शिविर का आयोजन किया जा रहा है, कोई भी समस्या आती है तो विभाग को अवगत कराए। अपने क्षेत्र के जन प्रतिनिधि से भी सहयोग ले सकते है। इस दौरान सहिया दीदियों ने कई सुझाव भी दिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त मिशन निदेशक आनन्द शेखर ने बताया कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम का प्रारंभ जनवरी 2018 में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 112 सबसे कम विकसित क्षेत्रों को बदलने के लिए प्रारंभ किया गया था। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के सफलता को देखते हुए 7 जनवरी 2023 को प्रखंडों को विकसित करने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में झारखंड में कुल 34 प्रखंडों को आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत चयन किया गया है, इसमें दुमका जिला के 2 प्रखंड रामगढ़ एवं जरमुंडी को शामिल किया गया है। इसमें अलग-अलग कुल 9 विभागों के 39 सूचकांकों पर कार्य किया जा रहा है। इसकी रैंकिंग त्रैमासिक स्तर पर नीति आयोग द्वारा जारी किया जाता है एवं रैंकिंग के आधार पर आधारभूत सुविधा में सुधार किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज के इस चिंतन शिविर में 75% महिलाए उपस्थित है, महिलाओं के अगुवाई में विकास कार्य हो रहे है। लोगो को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य बड़ी शहरों में नही बल्कि प्रखंड स्तर पर मिले इसका प्रयास हमे करना है। सभी आवशयक व्यवस्था जो मानवजीवन के प्रतिदिन की जरूरत है उसे ग्राम स्तर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज जो आप सभी से चर्चा कर जानकारी ली और योजनाओं के क्रियान्वयन की रणनीति मिली है इसे मैं पूरे देश के 500 आकांक्षी प्रखंडों में साझा करूंगा। इस शिविर में सहिया दीदी, सेविका को उपायुक्त से सीधा संवाद करने का मौका मिला है, यही बेहतर रास्ता है ग्राम स्तर पर कार्य कर रहे कर्मियों को सहयोग करने का। नीति आयोग द्वारा 50 ब्लॉक चुने जा रहे है जिसमे मॉडर्न टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जायेगा। लोगों को जागरूक किया जाएगा तथा टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल सिखाया जाएगा। आपकी समस्याओं के समाधान हेतु विशेष अधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। आगामी 30 सितंबर को माननीय प्रधानमंत्री जी आकांक्षी प्रखंड के लोगो से सीधा संवाद करेंगे। आपसे अनुरोध है आप इस कार्यक्रम में जुड़े और अपनी बात रखे।उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने चिंतन शिविर में मुख्य अथिति के रूप में आए अतिरिक्त मिशन निदेशक आनन्द शेखर को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के इंडिकेटर में जो भी कमियां है उसे हम सब मिलकर दूर करेंगे। जो स्ट्रेटजी हमने अपनाया है उससे हमे जरूर सफलता मिलेगा। बच्चों को गुंवाता पूर्वक शिक्षा मिले इसपर हमे चिंतन करना है। स्कूल भ्रमण में देखा जाता है कि बच्चो की उपस्थिति कम रहती है। इसका निराकरण पंचायत/ग्राम स्तर पर चिंतन कर करना होगा। परिजनों को जागरूक कर ही बच्चों को विद्यालय के लिए भेजना सफल हो पाएगा। सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को अपना 100% देना होगा। राज्य सरकार द्वारा बच्चों के बैंक खाता में राशि दी जा रही है, सभी परिजनों में यह जागरूकता लानी होगी कि जिस कार्य के लिए राशि दी गई है उसपर ही खर्च हो। जिला प्रशासन द्वारा आने वाले दिनों में पंचायत स्तर पर बैठक की जायेगी। ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जा सके।स्वागत संबोधन में उप विकास आयुक्त ने कहा कि आज का यह चिंतन शिविर दोनो प्रखंड के विकास में आ रही कठिनाई के समाधान करने, नीति आयोग के सूचकांक में दुमका के चिन्हित प्रखंडों को ऊपर ले जाने तथा देश स्तर पर प्रखंडों का बेहतर प्रदर्शन हो इसके लिए चर्चा की जाएगी ताकि प्रखंड का सर्वांगीण विकास हो सके।कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटजी का विमोचन किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली सीएचओ एवं एफ एल डब्ल्यू एस को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़ एवं जरमुंडी, दोनो प्रखंड के प्रमुख, मुखियागन, सहिया दीदी, आंगनवाड़ी सेविका सहित अन्य उपस्थित थे।

प्रश्न मंच प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। सेवा ही स्वच्छता अभियान के तहत आदित्य नारायण महाविद्यालय, दुमका में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह के निर्देश पर एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार झा, डॉ संजय कुमार पाठक, डॉ चंपकलता कुमारी, प्रो राजीव रंजन सिंह और प्रो अन्हद लाल ने प्रतियोगिता का संचालन किया।प्रतिभागियों से अपने देश की धरोहरों, यहां के वैज्ञानिकों और प्राकृतिक संसाधनों से संबंधित सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए, जिनका कई छात्र छात्राओं ने सटीक जवाब देकर मेधा का परिचय दिया।प्रतियोगिता के लिए तीन ग्रुप बनाए गए थे। प्रत्येक से पांच-पांच प्रश्न पूछे गए। सबसे अधिक सही जवाब देने वालों में सोनाली भारती, विशाल कुमार गुप्ता, राखी कुमारी व मनोज पाल प्रमुख थे रहे। इनके अलावा रेणु कुमारी, प्रदीप कुमार, रेणुका मुर्मू, महफूज उर, प्रशांत कुमार सिंह, रिया कुमारी, खातून, शिवशंकर माल, रूपेश कुमार, संजय कुमार मंडल, प्रीतम कुमार शर्मा व अन्य ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्राध्यापकों में प्रो प्रीतम प्रियेश, डॉ मिथिलेश कुमार सिंह, महाविद्यालय कर्मी गौरव कुमार, अभिनव आदि प्रमुख थे ।कार्यक्रम पदाधिकारियों ने बताया कि अगले कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर, छात्रावास व तुरी टोला में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

मतदाता के पहचान एवं आवशयकता अनुसार सुधार एवं विलोपित करने हेतु निर्देश

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में मतदाता सूची के संक्षिप्त कार्यक्रम 2024 के तहत पुनरीक्षण पुर्व गतिविधियो की समीक्षा बैठक आहूत की गई।बैठक के दौरान प्रपत्र 6, 7, 8 के निष्पादन, 80 + मतदाता के पहचान एवं आवशयकता अनुसार सुधार एवं विलोपित करने हेतु निर्देश दिया गया। सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा की उपलब्धता शत प्रतिशत उपलब्ध हो इसके लिए सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निदेश दिया गया। डोर टू डोर सत्यापन का बीएलओ एप में ऑनलाइन प्रविष्टि तथा होम टूर ऑल मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन आदि की समीक्षा की गई। उक्त कार्य को संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के प्रारूप प्रकाशन के पूर्व निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त द्वारा दिनांक 22-09-2024 को रांची में भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा की जाने वाली समीक्षा बैठक हेतु तैयार किए गए पीपीटी का अवलोकन किया गया। साथ ही टर्न आउट इंप्लीमेंटेशन प्लान की भी समीक्षा की गई। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन अधिकारी, संबंधित कंप्यूटर ऑपरेटर आदि उपस्थित थे।

महगामा विधायक सह दुमका जिला कांग्रेस प्रभारी का स्वागत

झारखंड देखो/प्रतिनिधि। दुमका। प्रखंड कांग्रेस कमेटी रानीश्वर की और से महगामा विधायक सह दुमका जिला कांग्रेस प्रभारी दीपिका पाण्डेय का जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष योगानंद सरकार ने बुके देकर स्वागत किया। मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव जोसेफ टुडू द्वारा स्वागत किया गया। अवसर पर सरोज शेख,वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजा मरांडी,विलियम टुडू,मानु खान,बबलू मुर्मू,रोहित पाण्डेय,राम कुमार,प्रभात साहा,शेख रियाज,कांचन गोराई,अंसार हुसैन खान आदि मौजूद थे ।

अज्ञात ट्रेन के चपेट में आने से 12 वर्षीय बालिका की मौत

झारखंड देखो/प्रतिनिधि। दुमका। हंसडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत दुमका हंसडीहा गोड्डा रेलवे लाइन पोल संख्या 3/20 के बीच अज्ञात ट्रेन से कटकर पिंकू कुमारी उम्र करीब 12 वर्ष पिता रामदुलार सिंह पता चरकाटांड थाना पोडैयहाट जिला गोड्डा की मृत्यु हो गई है। परिजनो द्वारा बताया गया कि मृतिका सुबह शौच के लिए घर से गई थी।घटना की सूचना मिलते ही हंसडीहा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

सिदो कान्हु मुर्मू विवि में धूनी सोरेन का विशेष व्यख्यान आयोजित

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। सिदो कान्हु मुर्मू विवि में स्नातकोत्तर के राजनीति विज्ञान विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ जैनेंद्र यादव की अध्यक्षता में डॉ धूनी सोरेन का एक व्याख्यान रखा गया . कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ जैनेंद्र यादव ने डॉ सोरेन का विभाग में पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया . प्रो अमिता कुमारी ने डॉ सोरेन के दुमका से इंग्लैंड तक के सफ़र की चर्चा करते हुए उनका परिचय छात्रों से करवाया . डॉ सोरेन ने छात्रों को और ख़ास कर आदिवासी छात्रों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा की सिर्फ़ शिक्षा से ही उनके जीवन में बदलाव आ सकता है . उन्होंने कहा कि आज तीर कमान से लड़ने कि आवशयकता नहीं है आज कलम से लड़ने की ज़रूरत है . उन्होंने छात्रों को स्किल डेवलप करने पर ज़ोर दिया और कहा की सिर्फ़ सरकारी नौकरी करने की मानसिकता से छात्र बाहर निकले और प्राइवेट सेक्टेर में भी अपना भविष्य तलाशे . उन्होंने छात्रों को शिक्षा के माध्यम से आत्म निर्भर बनने पर ज़ोर दिया .उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देशय सिर्फ़ अपने लिए रोज़ी रोटी कमाना नहीं है बल्कि अपने राष्ट्र और समाज के कल्याण के लिये कार्य करना भी उतना ही ज़रूरी है . उन्होंने आदिवासी छात्र छात्रों से अपनी भाषा और संस्कृति को बचाये रखने का भी आ''ान किया . इस व्याख्यान में विभाग के शिक्षक डॉ संजीव कुमार सिन्हा , डॉ अजय सिन्हा और अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ टी पी सिंह , डॉ दीपक कोठरीवाल , शोध छात्र वैशाली बरियार , करुणा राम , स्निग्धा, दुर्गा साहा सहित अनेक छात्र छात्रा उपस्थित थे . मंच संचालन प्रो अमिता कुमारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ ईश्वर मराण्डी ने किया .

अनुमंडल अस्पताल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

मधुपुर। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल में उपाधीक्षक डॉक्टर मोहम्मद शाहिद और मंत्री स्वास्थ्य प्रतिनिधि मोहम्मद शाहिद उर्फ फेकू के द्वारा बच्चों को कृमि की गोली खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर उपाधीक्षक ने कहा कि कृमि मुक्ति हेतु यह कार्यक्रम आज सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्र में चलाया जा रहा है इसके लिए कृमि की दवा एल्बेंडाजोल स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचा दिया गया है ताकि 2 वर्ष से 18 साल तक के बच्चों को कृमि की दवा खिलाई जा सके। कहा कि यह दवा बच्चों को खाली पेट में नहीं खिलाना है। खाना खाने के बाद ही इस दवा का सेवन करना चाहिए। यह दवा बच्चे, किशोर ,किशोरियों के लिए अत्यंत आवशयक है। अगर बच्चे के आंत में कृमि है तो उसका मानसिक और शारीरिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। शरीर में खून की कमी हो जाती है और बच्चे कुपोषण का शिकार हो जाता है । कृमि से रोकथाम हेतु साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। फल और सब्जी बिना धोए हुए सेवन नहीं करने की सलाह दी ।खुले में शौच नहीं करने का और नाखून हमेशा छोटा रखने की हिदायत दी। कहा कि कृमि से बचाव हेतु बाहर नंगे पैर नहीं चलने को कहा।इसको लेकर सहिया आंगनबाड़ी सेविका एवं शिक्षकों को दवा खिलाने हेतु उचित मार्गदर्शन दिया जा चुका है ताकि 100% बच्चों को दवा खिलाई जा सके। उपाधीक्षक ने कहा कि अगर कोई बच्चा बीमार या अनुपस्थित रहने के कारण दवा नहीं खा पाता है ,तो 29 सितंबर को माप अप राउंड के तहत दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने अपील किया कि किसी भी सूरत में एक भी बच्चा कृमि की दवा खाने से नहीं छूटे। मौके पर चिकित्सक ,स्वास्थ्य कर्मी, सहिया मौजूद थे।

पंचायत कर्मी करेंगे अपने पंचायत क्षेत्र में आवासन: डीसी

पाकुड़/झारखंड देखो।

बुधवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार वर्णवाल ने मनरेगा व आवास योजना की समीक्षा में दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश।उपायुक्त मृत्युंजय कुमार वर्णवाल ने मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में पंचायत कर्मियों को पंचायत क्षेत्र में आवासन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने इसकी सख्ती से पालन करने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को कहा कि पंचायत कर्मी यदि कार्यक्षेत्र में आवासन नहीं करते हैं तो उनके वेतन पर रोक लगाई जाएगी और कोषागार पदाधिकारी को भी इसकी सूचना दी जाएगी। सभी गांवों में पोटो हो खेल मैदान का सर्वे रिपोर्ट दो दिनों में जमा करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। एरिया ऑफिसर एप में निबंधित सभी पदाधिकारियों/ पर्यवेक्षकों को योजना पर्यवेक्षण एप के माध्यम से लक्ष्य अनुरूप करने का निर्देश दिया गया। शत-प्रतिशत आधार सीडिंग करने एवं बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना की स्वीकृति करने हेतु एक सप्ताह का समय दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण अंतर्गत लंबित आवासों को पूरा करने के लिए दिनांक 15 सितम्बर 2023 से 10 अक्टूबर, 2023 तक ₹चलो करें आवास पूरा₹ अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त ने सभी प्र-खंड विकास पदाधिकारी को कहा कि इस अभियान के माध्यम से सभी लंबित आवासों को पूर्ण करें। मौके पर उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी मोतिउर रहमान, जिला समन्वयक निभा कुमारी, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखंड समन्वयक समेत अन्य उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

स्थानीय भजन मंडली के द्वारा भजन संध्या का हुआ आयोजन

हिरणपुर(पाकुड़)/झारखंड देखो। हिरणपुर भजन मंडली के द्वारा गणेश चतुर्दशी की उपलक्ष में दामिन डाक बंगला स्थित सार्वजनिक गणेश पूजा समिति के पूजा पंडाल में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया। भजन संध्या में स्थानीय भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत लोक भजन एवं फिल्मी भजन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना, श्रोताओं को भक्ति रस खुब डुबकी लगाए।

स्थानीय भजन मंडली में मुख्य रूप से प्रभु दयाल भगत, छेदी भगत, प्रदीप आर्य, दिलीप आर्य, प्रदीप भगत रामधनी साहा, कैलाश भगत, आदि ने भजन संध्या के कार्यक्रम में योगदान दिये।

बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया

पाकुड़िया(पाकुड़)/झारखंड देखो। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की ओर से बिजली चोरी के खिलाफ पाकुड़िया प्र-खंड के विभिन्न गांवों में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी दल में शामिल विद्युत कनीय अभियंता सुरेंद्र प्रसाद मुर्मू ने बताया कि बसेतकुंडी गांव में कैलाश साहा द्वारा अवैध रूप से टोका लगाकर बिजली चोरी करते पाया गया जिससे 10108 रूपये का नुकसान का आकलन किया गया। खजूर डंगाल गांव में सीएसपी संचालक दिलीप कुमार जायसवाल एवं किराना दुकान में श्रवण जायसवाल द्वारा बिजली चोरी कर जलाने में 10108 रूपये करके नुकसान का आकलन किया गया। इसी तरह पात पहाड़ी गांव में सोनम प्रिया स्टूडियो मालिक सुभाष रविदास द्वारा बिजली चोरी कर उपयोग करने में 10108 रूपये करके नुकसान का आकलन किया गया।इन सभी के विरुद्ध पाकुड़िया थाना में कार्यवाई हेतु लिखित सूचना दे दी गई है। छापेमारी दल में कनीय अभियंता के साथ विद्युत कर्मी ललित कुमार राम,अंकुर मिश्रा,प्रेमलाल गुप्ता, हनीफ मियां एवं कलंदर अंसारी शामिल थे।

मां मनसा की पूजा अर्चना धूमधाम से की गई

पाकुड़िया(पाकुड़)/झारखंड देखो। प्रखंड मुख्यालय स्थित मनसा मंदिर में बुधवार पंचमी तिथि को नागों की देवी मां मनसा की पूजा प्रतिमा स्थापित कर भक्ति भाव से की गई। इस दौरान मां मनसा पूजा के पुरोहित नारायण राय ने सुबह घट भराई के बाद मां मनसा की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कर पूजा प्रारंभ हुई। पाकुड़िया एवं आसपास के गांवों के श्रद्धालु फल, फूल, प्रसाद लेकर पूजा में शामिल हुए। मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा के दौरान फुलास रखकर श्रद्धालुओं ने मन्नतें मांगी। तत्पश्चात बलि चढ़ाई गई।

युवा कांग्रेस के जिला प्रवक्ता बने अभिषेक दुबे

देवघर। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास के द्वारा अभिषेक कुमार दुबे को देवघर जिला युवा कांग्रेस के प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया गया। अभिषेक का राजनीतिक कैरियर कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई से शुरुआत हुई थी। इनके पार्टी के प्रति निष्ठा, बुलंदी पूर्वक अपनी बातों को रखना, निडरता एवं कुशल वक्ता होने की शैली को देखते हुए चुनावी दिनों में मीडिया के माध्यम से पार्टी की विचारधारा को आम जनता के बीच पहुंचाना, सरकार की विफलता को लोगों के बीच दर्शाने की जिम्मेदारी देते हुए इन्हें युवा कांग्रेस का प्रवक्ता नियुक्त किया गया। इसी मौके पर अभिषेक दुबे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, राष्ट्रीय प्रवक्ता युवराज सिंह जी, प्रदेश प्रवक्ता मणिकांत सिंह व अपने बड़े भाई एवं मार्गदर्शक प्रदेश महासचिव नीतिश सिन्हा , प्रदेश महासचिव अभिषेक तिवारी, राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा, युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सह मधुपुर विधानसभा प्रभारी अनुराग आनंद को धन्यवाद दिया। वही मौके पर देवघर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रोफेसर उदय प्रकाश, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मुन्नम संजय, युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अनुराग आनंद, युवा कांग्रेस के नगर अध्यक्ष आशुतोष पासवान, एनएसयूआई के देवघर जिला प्रभारी आयुष सिन्हा,कांग्रेस के नगर उपाध्यक्ष कुमार बाबा, युवा कांग्रेस महासचिव मणिकांत कुमार, एनएसयूआई के रवि वर्मा व अन्य लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

डॉ बी आर अम्बेडकर पुस्तकालय में इग्नू द्वारा चलाया गया जागरूकता

देवघर। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. सरोज कुमार मिश्र के द्वारा इग्नू के जुलाई 2023 सत्र के लिए बी आर अम्बेडकर पुस्तकालय देवघर में प्रतियोगिता परीक्षा तैयारी करने परीक्षार्थीयो लिए इग्नू एवं शुभा देवी मेमोरियल ट्रस्ट देवघर के संयुक्त प्रयास से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मिश्र ने कहा कि देवघर में पर्यटन क्षेत्र में रोजी रोजगार की काफी सुविधाएं विकसित हो रही है क्योंकि अब यहां देवघर एयरपोर्ट चालू हो गया है ।

आत्मा विभाग के द्वारा कृषक गोष्ठी का आयोजन

किसानों को कृषि एवं संबद्ध विभाग की तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराया

पाकुड़/झारखंड देखो।

बुधवार को पाकुड़ प्रखंड सभागार में प्रमुख चंदना माल पहाड़िया, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मो० मनसारूल हक, उप प्रमुख मो० हैदर अली, प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ० अभिषेक कुमार, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार, प्रखंड प्रसार सहकारिता पदाधिकारी मोहन कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से कृषक गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। मो० मनसारूल हक, अध्यक्ष, प्रखंड बीस सूत्री पाकुड़ ने अपने संबोधन में कहा कि किसान मित्र अपने-अपने ग्राम पंचायत में इस गोष्ठी की बातों का एवं सरकार की योजनाओं का किसानों से विस्तृत रूप से चर्चा करेंगे जिससे अधिक से अधिक किसान सरकार की योजना का

लाभ ले सकें। उन्होंने कहा की किसानों में जागरूकता की कमी है, जिससे सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते। इसके लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा। मोहन कुमार, प्रखंड प्रसार सहकारिता पदाधिकारी पाकुड़ के द्वारा बताया गया कि किसानों को लैम्पस का सदस्य बनना चाहिए ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकें। डॉ० अभिषेक कुमार, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी ने किसानों को विभाग की योजनाओं से अवगत कराया गया एवं सुपात्र किसानों को इसका लाभ दिलाने का अनुरोध किया। विभाग द्वा-रा संचालित गौ-पालन योजना, मुर्गी पालन योजना, बत्तख पालन योजना आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।संतोष कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी के द्वारा किसानों को जैविक खेती करने पर जोड़ दिया गया ताकि रासायनिक खेती से उत्पन्न स्थितियों को कम किया जा सके। रासायनिक खेती से मिट्टी की उर्वरक शक्ति कम होती जा रही है एवं इसके प्रभाव से मनुष्यों, पशुओं आदि जीवित प्राणियों में विभिन्न तरह के रोग जैसे कैंसर, उच्च रक्तचाप, दिल की बीमारी आदि फैल रहा है। इनसे बचाव का एक ही उपाय है कि किसान जैविक खेती कर मिट्टी,मनुष्य, पशुओं आदि का जीवन बचा सके और स्वास्थ्य बेहतर कर सके एवं गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पाद का प्रयोग कर सकें। मो शमीम अंसारी, प्र-खंड तकनीकी प्रबंधक* पाकुड़ के द्वारा आत्मा एवं कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आत्मा विभाग से संचालित प्रत्यक्षण, प्रशिक्षण परिभ्रमण, कृषक पाठशाला आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विभाग के द्वारा संचालित योजना जैसे केसीसी, ऋण माफी योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत प्रति बुंद, अधिक उपज में टपक सिंचाई एवं फव्वारा सिंचाई, कुसुम योजना आदि का विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित किसानों को टपक सिंचाई के बारे में विस्तार से बताया गया एवं उनका फॉर्म ऑफलाइन कैसे भरना है, भरकर बताया गया। टपक सिंचाई और फव्वारा सिंचाई में छोटे एवं सीमित किसानों को 90% अनुदान पर उक्त सिंचाई इकाई मिलेगा। इस गोष्ठी में बीटीएम, एटीएम, भीएलडब्लू,कृषक मित्र, प्रगतिशील कृषक अन्य कृषक उपस्थित थे।

2 माह से अनाज नहीं मिलने से नाराज घाघरजानी के लोगो ने गोदाम घेराव कर अनाज की मांग किया

हिरणपुर(पाकुड़)/झारखंड देखो।

बुधवार को हिरणपुर प्रखंड के घाघरजानी पंचायत के ग्रामीणों के द्वारा 2 माह से अनाज नहीं मिलने के कारण अनाज गोदाम का घेराव किया, इसकी सूचना हिरणपुर प्र-खंड कांग्रेस अध्यक्ष मनोवर आलम को मिलने के बाद जब लाभुको से मिलने गोदाम पहुंचा तो देखा की करीब 35 से 40 लाभुक अनाज की मांग कर रहे है जब लाभुको से बात किया गया तो अनलोग का कहना था की घाघरजानी में आधे लोगो के बीच अनाज का वितरण कर दिया गया है लेकिन हमलोग को नही मिल रहा है इसलिए हमलोग विवश होकर आज यहां आए है इस संबंध में राशन डीलर किशोर दत्ता से जब बात किया गया तो उन्होंने बताया की ये दुकान पूर्व में रंजीत मंडल के पास था उसके पास अवशेष अनाज बचा था लेकिन वो जमा नही किया और उसका भुक्तभोगी मुझे बनना पड़ रहा है जबकि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी

से फोन पर बात किया तो उनके द्वारा बोला गया की मैं मीटिंग में हूं तभी मनोवर आलम ने कहा की पहले आप लोगो को अनाज तुरंत उपलब्ध करवाए उसके बाद अनाज का वितरण करवाया गया। मनोवर आलम ने कहा की जल्द ही उच्च अधिकारी को इस तरह के बातो से अवगत करवाकर दोषी दुकानदार या उससे संबंधित जो भी दोषी होगा उसपर करवाई की मांग की जाएगी आखिर कियू दो माह तक लोगो को अनाज नहीं मिला क्यों पदाधिकारी ने संज्ञान में नहीं लिया। जिस लाभुक को अनाज मिला उसमे सुशीला किस्कू, सोहागीन किस्कू, धोना मुर्मू, अशोक मंडल, लखींद्र मंडल सहित अन्य ने अनाज लिया लेकिन सभी ने कहा की फिर भी अनाज कम मिल रहा है वही एक जांच का विषय है की माह अगस्त में अनाज वितरण नही हुआ है।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना

पाकुड़/झारखंड देखो। बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ ईसाई धर्मावलम्बियों को विशेष ट्रेन द्वारा क्क्ळळउ के माध्यम से गोवा तीर्थ यात्रा हेतु अक्टूबर,2023 के प्रथम सप्ताह में मुख्यमंत्री के द्वारा रवाना किया जाएगा। अधिक जानकारी हेतु समाहरणालय स्थित जिला पर्यटन कार्यालय, पाकुड़ से संपर्क किया जा सकता है। प्रबंध निदेशक, झारखण्ड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, अंजली यादव के निर्देशानुसार झारखण्ड राज्य के ईसाई धर्मावलम्बियों के लिए बीपीएल श्रेणी के लाभुक तीर्थयात्रियों को विशेष ट्रेन के द्वारा क्क्ळळउ के माध्यम से गोवा की तीर्थ यात्रा हेतु अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह भेजा जाना है। इसके आलोक में पाकुड़ जिले से 28 ईसाई धर्मावलम्बियों को भेजे जाने का लक्ष्य दिया गया है।

- **पात्रता:-**

» 1.तीर्थयात्री की उम्र 60 वर्ष से अधिक और झारखण्ड राज्य के स्थाई निवासी होना चाहिए।

» 2.तीर्थयात्री बीपीएल श्रेणी के अंतर्गत आना चाहिए (कर दाता नहीं होना चाहिए)।

» 3.तीर्थयात्री के द्वारा पहले से इस प्रकार का तीर्थ दर्शन योजना का लाभ नहीं लिया गया हो।

आवेदन करने हेतु गरीब वरिष्ठ नागरिक तीर्थ दर्शन योजना के लाभ लेने के लिए दो प्रतियों में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन को भरकर 2 फोटो के साथ मूल चिकित्सा प्रमाण-पत्र Fit for Travel Certificate लगाकर निकटतम प्रखंड/ अनुमंडल /जिला खेल कार्यालय/ उपायुक्त कार्यालय में निर्धारित समय सीमा दिनांक 28 सितंबर, 2023 से पहले जमा करेंगे। तीर्थ यात्रियों का चयन जिला स्तरीय प्रबंधन समिति के द्वारा किया जाएगा। तीर्थ यात्रियों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा, यदि तीर्थ यात्रियों की संख्या निर्धारित अंश से अधिक बढ़ जाती है तो इससे अतिरिक्त एक प्रतीक्षा सूची (निर्धारित अंश का 10%) भी तैयार की जाएगी।

झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष व सदस्य ने की मुखिया के साथ संवाद

कहा अधिकारी यदि मुखिया की शिकायतों पर संज्ञान लेकर कार्रवाई नहीं करते हैं तो राज्य खाद आयोग में कराएं शिकायत दर्ज

पाकुड़/झारखंड देखो।

जिले के हरिणडंगा डायट भवन में बुधवार को मुखियाओं के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी, सदस्य शबनम परवीन, अपर समाहर्ता मंजू रानी स्वांसी, सिविल सर्जन डॉ. मंटू टेकरीवाल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी संजय दास, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य ने जिले के विभिन्न पंचायतों से आए हुए मुखिया से संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्हें राज्य खाद्य आयोग के उद्देश्य के बारे में जानकारी

दी गई। कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जुड़ी जन वितरण योजना, मध्याह्न भोजन योजना, आंगनबाड़ी केंद्र, मातृ वंदना योजना से संबंधित जानकारी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा दी गई। मुखिया को बताया गया कि वो अपनी शिकायत कहां रख सकते हैं। मुखिया की जिम्मेदारी क्या है और वो दूसरे लोगों को भी कैसे जानकारी दे सकते हैं। यदि कोई शिकायत करनी हो तो कहां पर करें, यदि दूसरे लोगों को शिकायत करनी है तो वह कहां पर शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य खाद्य आयोग का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है। झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने मुखिया को संबोधित करते हुए कहा कि साधन व संसाधन में पाकुड़ पिछड़ा हो सकता है परीक्षा शक्ति में आप बहुत आगे हैं। उन्होंने कहा कि मुखिया अपने अधिकारों को नहीं समझेंगे तब तक योजना सफल नहीं हो सकता है। उन्होंने मुखिया को बताया कि एनएफएस से संचालित सभी योजनाओं पर मुखिया निगरानी रख सकते है। उन्होंने कहा कि अधिकारी यदि मुखिया की शिकायतों पर संज्ञान लेकर कार्रवाई नहीं करते हैं तो राज्य खाद आयोग में शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने बताया कि मुखिया पंचायत स्तर पर बनी खाद्य सुरक्षा योजना की निगरानी समिति के पदेन अध्यक्ष होते हैं। इस नाते इस योजना से जुड़ी सभी जानकारी और उनके क्रियान्वयन में आ रही कठिनाई को दूर करने के लिए शिकायत का अधिकार उनके ही पास होता है। उन्होंने बताया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों से योजना को लेकर आयोग के समक्ष आ रही शिकायतों की समीक्षा के बाद विभाग की ओर से प्रदेश के हर जिला मुख्यालय में संवाद और जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस योजना से जुड़ी जानकारी जन प्रतिनिधियों को दी जा रही है. प्रमुख रूप से मुखियाओं को आमंत्रित कर उन्-हें आंगनबाड़ी से लेकर स्वास्थ्य विभाग तक की ओर से चलाई जा रही खाद्य सुरक्षा की विभिन्-न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। राज्य खाद आयोग की सदस्य शबनम परवीन ने खाद्य सुरक्षा अधिकार की जानकारी मुखिया को विस्तार से दी। साथ ही उन्होंने मुखिया को कहा कि आंगनबाड़ी से दी जाने वाली नमकीन व मीठा दलिया खाने के लिए गर्भवती महिलाओं को प्रेरित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी राशन कार्डधारी राशन डीलर से पर्ची प्राप्त कर ही खाद्यान्न ले यह सुनिश्चित करें।

जमीन विवाद से जुड़े दस साल पुराने एक मामले में दुमका के एमपी एमएलए की विशेष अदालत में पेश हुए अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. हफीजुल हसन समेत आठ आरोपी जमीन विवाद से जुड़े दस साल पुराने एक मामले में बुधवार को दुमका के एमपी एमएलए की विशेष अदालत में पेश हुए।देवघर जिले के मधुपुर अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में दाखिल परिवाद केश (पीसीआर) नम्बर 441/2013 मामले में एमपी एमएलए की विशेष अदालत सह अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी जितेन्द्र राम की अदालत में पेश अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री समेत आठ आरोपियों की ओर से वरीय अधिवक्ता एखलाक अहमद ने पैरवी की। न्यायालय में दायर परिवाद पर बुधवार को आरोप पूर्व साक्षय की प्रक्रिया के तहत साक्षियों का बयान दर्ज कराने के साथ आगे की कार्रवाई के लिए अगली तारीख चार अक्टूबर 2023 मुकर्रर की गयी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता से मिली जानकारी के अनुसार देवघर जिले के मधुपुर की रहनेवाली एक महिला द्वारा मधुपुर के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में भादवि की धारा 147, 323, 379, 384, 452 और 506 के तहत जमीन विवाद को लेकर पीसीआर दाखिल किया गया था। 24 नवम्बर 2013 को जमीन विवाद को लेकर हुई घटना के संबंध में दायर पीसीआर केश में मो हफीजुल हसन, मो तनवीर, सुबोधानंद चौधरी, मुरारी चौधरी, सुशील अग्रवाल, राजेश पंसारी, पप्पु बथवाल और पल्टु बथवाल को आरोपी बनाया गया है। मो हफीजुल अंसारी वर्तमान में राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हैं। इस मामले में सभी आरोपी पूर्व से जमानत पर हैं। बचाव पक्ष के अधिवक्ता के अनुसार संबंधित मामले में दोनों पक्षों में सुलह हो गया है और न्यायालय में पूर्व में ही संयुक्त रुप से सुलह पत्र दाखिल किया जा चुका है।

यूथ फेस्टिवल 2023 रेड रन - 5 किमी दौड़ का किया गया आयोजन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। बड़ा बांध रसिकपुर छठ घाट में *फूलो झानो मेडिकल कॉलेज दुमका के झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी द्वारा यूथ फेस्टिवल 2023 रेड रन - 5 किमी दौड़ का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिदो कान्हो मूर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति (प्रो) डॉ विमल प्रसाद सिंह, विशिष्ट अतिथि डीएसडब्ल्यू संजय कुमार सिंह ,ए आर टी सेंटर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डाटा प्रबंधक बिभाष कुमार एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनीष यादव ,राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित जतिन कुमार, एसपी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सत्यम मेहरा एवं जय जवान के अकादमी के संचालक राजकुमार मंडल एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर एनी एलिजाबेथ टुडू ने सर्व प्रथम छात्र-छात्राओं को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया।कार्यक्रम को संबोधित करते

हुए प्रो डॉ विमल प्रसाद सिंह ने कहा झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी 'यूथ फेस्टिवल 2023' द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना बहुत ही साहरनीय पहल है। इस कार्यक्रम में हमारी छात्राओं की सहभागिता बहुत ही अच्छी और यह हमारे युवा पीढ़ी के लिए बहुत ही प्रेरणा दायक है. विशेष अतिथि एसकेएमयू के डीएसडब्ल्यू डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने कहा कि अगर एक बालिका शिक्षित होती है तो पूरा परिवार और समाज शिक्षित होता है इसलिए हमारी छात्राओं से अनुरोध है खुद भी जागरूक हो अपने परिवार के साथ साथ पूरे समाज को भी जागरूक करें ।साथ ही हमारे युवा पीढ़ी भी हमारे आदरणीय है इन्हें भी शिक्षित होकर , परिवार एवं राष्ट्रीय को सबल बनाने में और बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की जरूरत है। छात्र में मुकेश हसदा प्रथम स्थान द्वितीय स्थान सोकुल किस्कु, तृतीय स्थान सुनील टुडू, छात्राएं में बिजली हेंब्रम, प्रथम स्थान द्वितीय स्थान दीपिका कुमारी, तृतीय स्थान सिलवंती कुमारी प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त विजेता को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशेष अतिथि के द्वारा प्रस्तुति पत्र एवं राशि प्राप्त दिया गया प्रथम वाले को 5000 द्वितीय 3000 तृतीय 1000 एवं साथ ही 07 को सांत्वना पुरस्कार 250 रुपए बैंक खाता के माध्यम से नगद राशि दी जाएगी.कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ नारायण हसदा, जतिन कुमार ,एससी थाना से कार्मिला करकट्टा, लैब टेक्नीशियन जयकुमार मंडल, नर्स एलीना किरकु, संगीता पांडे, अभिषेक पांडे मुर्मू ,विकास ठाकुर, परिमल गोस्वामी, पारस वर्मा, अभिषेक रंजन सिदोरा हसदा ,देवेंद्र कुमार, देवलाल, अभिषेक कुमार, करैफ मुर्मू सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा.==

अकादमी के संचालन के लिए अनुशासन समिति की घोषणा

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। सिद्धो कान्हु इंडोर स्टेडियम में संथाल परगना के डी आई जी तथा जिला बैडमिंटन संघ के संरक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल की अध्यक्षता में एक बैठक आमंत्रित की गई। जिसमे दुमका जिले के बैडमिंटन खिलाड़ियों के हित में महत्वपूर्ण घोषणा की गई तथा खिलाड़ियों के हित में फैसले लिए गए। दुमका में बहुप्रतीक्षित बैडमिंटन ट्रेनिंग अकादमी की घोषणा करते हुए सुदर्शन प्रसाद मंडल ने कहा की सांसाधनिक रूप से बैडमिंटन के लिये दुमका का इंडोर स्टेडियम समृद्ध है ,खिलाड़ियों के कोचिंग के लिय कुछ अन्य तकनीकी संसाधनों की आवशयकता थी जिसे शीघ्र ही पूरा कर दिया जायेगा और सबसे महत्वपूर्ण की प्रशिक्षक के रूप में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी उपलब्ध होंगे। जो दुमका के खिलाड़ियों को न सिर्फ तकनीकी रूप से उन्नत करेंगे बल्कि खेल कौशल को राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के समकक्ष प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। भारत से अंतराष्ट्रीय प्रदर्शन करने वाले नामचीन खिलाड़ियों के प्रशिक्षक से संपर्क किया गया है और समय समय पर आमंत्रित प्रशिक्षक के रूप में राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा की दुमका में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है पर इन प्रतिभाओं को निखारने के लिय और बड़ा मंच उपलब्ध करवाने के लिय

यह जरूरी है की इनको प्रशिक्षण द्वारा दुमका का नाम राष्ट्रीय फलक पर पहुंचाया जाए।सनद हो की दुमका में अंतराष्ट्रीय स्तर के सेंथेटिक कोर्ट लगाने के लिय पहले भी डी आई जी संथाल परगना के स्तर से प्रयास कर दुमका में लगाया जा चुका है। इन कोशिशों का प्रभाव है की घोषणा के साथ ही अकादमी में 31 खिलाड़ियों ने निबंधन कराया। सुखद यह है कि ज्यादातर निबंधन 15 वर्ष से कम आयुवर्ग के बच्चो ने कराया है और यह दुमका बैडमिंटन के उज्जवल अध्याय की नीव रखेगा।अकादमी के संचालन के लिय अनुसाशन समिति की घोषणा की गई जिसके लिए मुख्य संरक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल, एवं संरक्षण मंडल में दीपक कुमार झा, डॉ तुषार ज्योति, राधेवल्लभ भलोटिया, अंजनी शरण, संजीव कुमार, रविंद्र नाथ हांसदा, दीपक अग्रवाल, मो नूर मुस्तफा(एस डी पी ओ), विजय कुमार (डी एस पी) बनाए गए जबकि मुख्य संचालन जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार, तकनीकी संचालन आकाश कुमार मंडल, सौरभ दास, सुनील हांसदा करेंगे। सहायक संचालन प्रेम कुमार, आनंद कुमार मंडल, सोनाधन हेंब्रम तथा बैजू हरी करेंगे। कोषाध्यक्ष तथा प्रशासकीय जिम्मेवारी आकाश कुमार मंडल को सौंपी गई। कार्यालय संचालन का दायित्व शिशिर कुमार घोष एवं प्रेम कुमार को सौंपा गया। मेडिकल सुविधाओ का प्रयोजन न्यू केयर अस्पताल द्वारा किया जायेगा। आमंत्रित किए जाने वाले प्रशिक्षकों की एक सूची को भी उपस्थित सदस्यों एवं जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारियों द्वारा अनुमोदित किया गया।

इस अवसर पर जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष उमाशंकर चौबे, जीवन प्रकाश सिन्हा, मो दाऊद, उज्ज्वल टुडू, मनोज सोरेन, निबंधन के लिय दर्जनों बच्चे एवं उनके अभिभावक तथा खिलाड़ी मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

पी. जी. सेमेस्टर-2 का परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि घोषित

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा बुधवार को पी.जी. सेमेस्टर-2 परीक्षा 2023 का परीक्षा के लिए ऑनलाइन परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि घोषित कर दी गयी. इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी बिना विलंब शुल्क के 25 से 30 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय का आधिकारिक वेबसाइट से भर सकते है. साथ ही परीक्षार्थी 200 विलंब शुल्क के साथ दिनांक 1 से 3 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं. परीक्षा प्रपत्र भरने के बाद छात्रों कोहार्ड कॉपी अपने सम्बन्धित महाविद्यालय या विभाग में 4 से 6 अक्टूबर के बीच जमा करना होगा.

तीन परीक्षाओं का रिजल्ट प्रकाशित

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। बी॰लिस॰ सेमेस्टर -1, सत्र 2022-23 परीक्षा 2022, एम॰बी॰ए॰ सेमेस्टर - 1, सत्र 2022-24 परीक्षा 2022 तथा एम॰बी॰ए॰ सेमेस्टर- 3, सत्र 2021-23 परीक्षा 2022 का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया है। बी॰लिस॰ सेमेस्टर-1 के 119 परीक्षार्थियों में 81 परीक्षार्थी उत्तीर्ण तथा 30 परीक्षार्थी प्रमोटेड हुए हैं, इस प्रकार उत्तीर्ण एवं प्रोमोटड परीक्षार्थियों की संख्या 111 है और उत्तीर्णता का प्रतिशत 93.28 है तथा एम॰बी॰ए॰ सेमेस्टर - 1 और एम॰बी॰ए॰ सेमेस्टर- 3 के शत प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए हैं।उक्त परीक्षा रिजल्ट सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय का आधिकारिक वेबसाइट https://skmu.ac.in/ पर देखा जा सकता है.

पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा एवं बामसेफ ने निवर्तमान सीओ को दिया विदाई

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। अंचल के निवर्तमान अंचल अधिकारी यमुन रविदास को पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा संथाल परगणा एवं बामसेफ दुमका के संयुक्त तत्वाधान में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया. मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष असीम मंडल के अध्यक्षता में बंदरजोरी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुलिस इंस्पेक्टर उमेश राम सहित कई गंय मान्य लोगों उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन प्रधान महासचिव डॉ अमरेंद्र यादव ने किया. मौके पर यामुन रविदास को पुष्प कुछ देकर एवं शाल ओड़ाकर सम्मानित किया गया. उपस्थित लोगों ने श्री रविदास की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में गरीब तपके के लोगों को काफी लाभ मिला है. आजादी के बाद से कठिजोरिया झूरको पथ का निर्माण नहीं हो सका था जो इनके प्रयास से संभव हो पाया है कोरोना काल एवं अंकिता हत्याकांड के समय उनकी प्रशासनिक कार्य कुशलता काफी प्रशंसनी रहा है. हरिपुर में बैराज एवं बग्नल रोड सहित कहीं विवादित कार्यों को इन्होंने अंजाम देने का काम किया है. कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिव नारायण दर्वे, रंजीत जयसवाल, अजित मांझी, जयकांत कुमार, बिहारी यादव. बामसेफ के रामचंद्र मिर्धा,नरेश मरांडी, बाबूलाल हेंब्रम शहित पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदीप सिंह, संजय जायसवाल, अशोक मण्डल ,सुधाकर मंडल उपस्थित थे।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लोकसभा में पेश होने पर भाजपा महिला मोर्चा में खुशी का माहौल

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। लोकसभा में मंगलवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 (33%महिला आरक्षण विधेयक) के पेश होने की खुशी में झारखंड प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की

उपाध्यक्ष सह दुमका नगर परिषद् की पूर्व अध्यक्षा अमिता रक्षित के आवास पर बुधवार को अबीर गुलाल खेल कर महिलाओ ने जश्न मनाया. मौके पर रक्षित ने कहा यह बिल लोकसभा में पेश होने से महिला को सम्मान ही नही दिया गया है बल्कि महिला को आत्म निर्भर, सशक्त और स्वावलंबी बनाने का काम प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी कर रहे है। अगर महिला के बारे में कोई अच्छा सोच सकता है तो वह मोदी ही सोच सकते हैं ।यह विधेयक महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. मौके पर झारखंड प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ. सीमा सिंह, दुमका जिला भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष नीतू झा, इंदू सिन्हा, सावित्री सिंह, अर्पणा झा, मोनिका दत्ता, मंजू दास एवं चाइना मंडल आदि मौजूद थे.

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता मिले मंत्री से

झारखंड देखो/प्रतिनिधि। दुमका। मधुपुर विधायक एवं झारखण्ड सरकार के कैबिनेट मंत्री हफीजुल हसन दुमका पहुंचने पर सर्किट हाउस में झामुमो नगर परिवार, दुमका के द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय कमिटी सदस्य अब्दुल सलाम,नगर अध्यक्ष रवि यादव, सिराजुद्दीन अंसारी, पराक्रम शर्मा, शान सिंह राजपूत,गौरव झा,अनमोल राम, प्रेमांशु झा, चंदन कुमार इत्यादि समेत दर्जनों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे ।

शत-प्रतिशत लाभुकों को अनाज वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश

झारखंड देखो/प्रतिनिधि। दुमका। रानीश्वर प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को सहायक गोदाम प्रबंधक बिश्वनाथ सिंह ने पीडीएस डीलरों के साथ बैठक कर डीलरों को शत-प्रतिशत लाभुकों को अनाज वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है.मौके पर उपस्थित अधिकांश डीलरों ने कहा कि उनके दुकान के कई राशनकार्ड धारी लाभुकों का पूर्व में ही देहांत हो गया हैं।कई लाभुक अन्य राज्य में रहते हैं।साथ ही अयोग्य लाभुक वर्षो से अनाज उठाव नहीं कर रहे हैं।उन मृतक एवं अयोग्य लाभुकों का कार्ड रद्द करने पर ही शत-प्रतिशत वितरण का लक्षय पूरा किया जा सकता हैं।बैठक में सात डीलरों को अगस्त महीने का अनाज नहीं मिलने की सूचना एजीएम को दी गई।अनाज आवंटित नहीं होने के कारण उन दुकानों से लाभुकों को अनाज वितरण नहीं किया जा सका हैं। डीलर कुणाल दे,गोबिंद हांसदा, चुड़का सोरेन,अलीम पिक टुडू एवं स्वयं सहायता समूह के तीन दुकानदारों को अनाज आवंटित नहीं हुआ है। बैठक में डीलर प्रकाश सोरेन,गोपाल हेम्ब्रम,सुरेंद्र पांडेय, मुहम्मद इमरान,बोड़ो सोरेन,धीरेन साहा,दीपेन साहा,उज्ज्वल पाल, नंदलाला घोष,शिवशंकर टुडू,मोती टुडू,पालुस किस्कू आदि मौजूद थे ।

दुमका एसपी समेत झारखंड के 25 आईपीएस को मिला नया बैच

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। झारखंड सरकार के कार्मिक विभाग द्वारा केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी गई 25 आईपीएस अधिकारियों की सूची को आज वरियता के आधार पर निर्धारित कर नया बैच दे दिया गया है।ज्ञात हो कि विगत 13 और 14 सितंबर को झारखंड के गृह विभाग द्वारा केंद्रीय गृह मंत्रालय,नयी दिल्ली को राज्य के नव प्रोन्नत आईपीएस समेत कुल 25 आईपीएस अधिकारियों का नाम वरियता निर्धारण हेतु भेजा गया था।विभागीय पत्र के आलोक में आज गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार से प्राप्त सूची के आधार पर कुल 25 आईपीएस अधिकारियों को 2012 से 2017 बैच प्रदान किया है।सरायकेला एसपी रह चुके आनंद प्रकाश को 2012 बैच प्रदान किया गया है।जबकि वरियता के आधार पर सरायकेला जिले में ही एसपी रह चुके मो.अर्शी आनंद प्रकाश से सीनियर माने जाएंगे चूंकि उनकी सीधी नियुक्ति आईपीएस 2012 बैच में ही हुई थी।वहीं नव प्रोन्नत 6 आईपीएस अधिकारियों को 2014 बैच प्रदान किया गया है।जिसमें सरोजिनी लकड़ा,एमेल्ड एक्का,सादिक अनवर रिजवी,अरविंद कुमार सिंह,विकास कुमार पांडेय और विजय आशीष कुजूर शामिल हैं। जबकि 2013 बैच के ही आईपीएस अंशुमान कुमार को सीधी नियुक्ति के आधार पर इन सभी से वरिष्ठ माना जाएगा।इसी तरह वरियता के क्रम में 12 नव प्रोन्नत आईपीएस को 2016 बैच प्रदान किया गया है।जिसमें दीपक कुमार शर्मा,राजकुमार मेहता,शंभू कुमार सिंह,अजय कुमार सिन्हा,अनुदीप सिंह,पूज्य प्रकाश,शहदेव साव,अमित कुमार सिंह,धनबाद के सिटी एसपी अजीत कुमार,मुकेश कुमार,दीपक कुमार पांडेय और जामताड़ा एसपी अनिमेष नैथानी के नाम शामिल हैंइसी क्रम में 6 नव प्रोन्नत आईपीएस को भी 2017 बैच प्रदान किया गया है।जिसमें अजय कुमार,आरिफ इकराम,सरायकेला-खरसावां के एसपी डॉ बिमल कुमार,रांची के ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो,कैलाश करमाली और दुमका एसपी पितांबर सिंह खेरवार शामिल हैं।इन नव प्रोन्नत आईपीएस अधिकारियों में अमित सिंह,अनुदीप सिंह,डॉ बिमल कुमार,पितांबर सिंह खेरवार और कैलाश करमाली जमशेदपुर में डीएसपी के पद पर भी रह चुके हैं।

निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र में नहीं मिला एक भी बच्चा

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। हंसडीहा पंचायत के मुखिया प्रीतम कुमार ने बुधवार को मुस्लिम टोला आंगनबाड़ी केंद्र हंसडीहा का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में एक भी बच्चा मौजूद नहीं मिला। मामले में प्रीतम कुमार ने विभाग से जानकारी लेनी चाही कि आज आंगनबाड़ी केंद्र बंद है क्या,इसपर विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि आज कोई छुट्टी नहीं है,और ये भी बताया गया कि तीन दिन पूर्व भी पर्यवेक्षिका के द्वारा जांच के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया गया था,जिसके लिए सेविका से स्पष्टीकरण मांगा गया है। बताया कि सेविका ने आज तक स्पष्टीकरण का जबाब नहीं दिया है। मामले में सेविका मकीना खातून ने कहा कि आज किसी भी प्रकार की विभागीय छुट्टी नहीं है,मेरे घर पर कुछ मेहमान आने वाले हैं,इसलिए आज बच्चों को छुट्टी दिए हैं। मौके पर हंसडीहा मुखिया प्रीतम कुमार ने बताया कि कई दिनों से इस आंगनवाड़ी सेंटर में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक फोन कर बता रहे हैं की सेंटर खुलता ही नहीं है, जिसके कारण हमारे बच्चे सरकारी लाभ और पढ़ाई से वंचित है।इसी शिकायत को ध्यान में रखते हुए आज निरीक्षण किया गया और शिकायत सही पायी गई। जिसकी जानकारी मुखिया प्रीतम कुमार ने विभाग को पत्र लिखकर दे दी है।

कंटीन्युटी एंड चेंज इन संताल कल्चर विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। सिदो कान्हु मुर्मू विवि के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन कुलपति कांफ्रेंस कक्ष में किया गया ।जिसमें आईसीएसएसआर, नई दिल्ली द्वारा स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग को मिले प्रोजेक्ट जिसका विषय कंटीन्युटी एंड चेंज इन संताल कल्चर है उसके अद्धयन के विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई . इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ धूनी सोरेन थे . संगोष्ठी की शुरुआत में कुलपति प्रो सिंह ने डॉ धूनी सोरेन को पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत किया और कहा की डॉ सोरेन संताल संस्कृति के निरंतरता और बदलाव के जीवित उदाहरण है . राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष सह डीन डॉ जैनेंद्र यादव ने विभाग की तरफ़ से कुलपति का पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया .

इस प्रोजेक्ट के डायरेक्टर डॉ अजय सिन्हा ने इस प्रोजेक्ट के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और इस अद्धयन के महत्व और इसका राजनीति पर पड़ने वाले प्रभाव को ढूँढने की बात कही .डॉ धूनी सोरेन ने संताल संस्कृति के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला और उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया की संस्कृति को बचाये रखने के लिए अपनी भाषा को बचा के रखना आवशयक है. उन्होंने इंग्लैंड और अमेरिका जैसे देशों में रहने वाले संतालों के जीवन के बारे में विस्तार से बताया एवं उन में आये बदलाव की चर्चा की . उन्होंने बताया कि कैसे वे अपनी भाषा को विदेश में भी जीवित रखें हुए हैं . डॉ बिजय कुमार ने इस विषय पर अद्धयन के लिए शहरी और ग्रामीण , अमीर और ग़रीब , पढ़े लिखे और निरक्षर जैसे आयामों के आधार संस्कृति में आये बदलाव पर बल दिया . डॉ सुजीत सोरेन ने संस्कृति के भौतिक और दार्शनिक पक्षों पर अपना विचार व्यक्त करते हुए इस शोध प्रोजेक्ट में इन आयामों पर विचार करने की सलाह दी . प्रो अमिता कुमारी ने विस्थापन से आये बदलाव की चर्चा की और बताया की सिजनल विस्थापन का भी संस्कृति पर प्रभाव पड़ता है . प्रो अमिता ने जंगलों की लगातार हो रही कटाई को भी संताल संस्कृति में बदलाव का कारण बताया . डॉ सुमित्रा हेमब्रन ने वैस्वीकरण और बाज़ार का संस्कृति के असर पर प्रकाश डाला .डॉ निर्मल मुर्म ने शिक्षा के असर पर प्रकाश डाला और उससे आये परिवर्तन की चर्चा की . डॉ नीरज बासुकी ने इस बात पर ज़ोर दिया की संताल संस्कृति ने अन्य संस्कृतियों को भी प्रभावित किया है . इनके अलावे डॉ स्नेहलता मुर्मू , डॉ ईश्वर मराण्डी , डॉ मेरी मार्ग्रेट टुडू , डॉ अमित मुरमू , डॉ होलिका , डॉ स्वेता मराण्डी , डॉ दीपक कोठरीवाल, शोध छात्र दुर्गा साहा ने भी इस विषय पर अपने विचार प्रकट किया . मंच संचालन प्रो अमिता कुमारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ इंद्रनिल मंडल ने किया ।

एम जी कॉलेज रानीश्वर में सम्मान समारोह आयोजित कर महागामा विधायक को किया गया सम्मानित

झारखंड देखो/प्रतिनिधि। दुमका। मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर में सम्मान समारोह आयोजित कर महागामा विधायक दीपिका पांडे सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। बताते चलें कि दीपिका पाण्डे सिंह दिन के 12 बजे कांलेज पहुंची, उन्हें एनसीसी

लेफ्टिनेंट डॉ रीना कुमारी एवं उनकी टीम द्वारा पायलटिंग और सेल्यूटिंग दिया गया। दीपिका पांडे ने कॉलेज कैंपस में वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गयी। अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर अब्दुल रईस खान ने विधायक को साल ओढ़ाकर सम्मानित किया। तत्पश्चात प्रो अब्दुल रईस खान,आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर प्रो आबिद रजा, प्रोफेसर गजेंद्र सिंह,प्रो मजीद नदीम ने पुष्प गुच्छ अर्पित किया। सर्वप्रथम सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आनंदिता चक्रवर्ती,सोना मनी चक्रवर्ती,प्रीति बागती,नंदिनी, बरसा माल और शर्मिला बेसरा समूह आदि ने मनमोहक एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया।प्रो नव कुमार पाल ने दीपिका के सम्मान में कुछ बातें कही।प्राचार्य अब्दुल रईस खान ने विस्तार से कॉलेज के गठन और आने वाली विभिन्न घटनाओं का चर्चा की। अंत में आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो आबिद रजा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन कर सरकार से ऐसे कॉलेजों को अधिग्रहण करने की मांग की ताकि दशकों से कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारी को रिटायरमेंट के बाद पेंशन की सुविधा मिल सके और वे एक सम्मान का जीवन व्यतीत कर सके। मंच का संचालन लेफ्टिनेंट डॉ रीना कुमारी ने किया।

देश में कृषि विकास को दिशा देने में संस्थान ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका: राज्यपाल

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान ने हमारे देश में कृषि विकास को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आईसीएआर-एनआईएसए की सफलता इसके वैज्ञानिकों, शोधकताओं और कर्मियों के समर्पित प्रयासों से ही संभव हो सका। कृषि के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के कारण कई सफलताएं और प्रगति हुई है।

राज्यपाल बुधवार को रांची के नामकुम स्थित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थानह्ल के 100वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्थान के जरिये न केवल पारंपरिक और नए मेजबान पौधों का उपयोग करके कुसुमी और लाह की खेती, संग्रह एवं प्रसंस्करण के वैज्ञानिक पद्धति विकसित किया गया है, बल्कि इसने लाह उत्पादकों और प्रसंस्करण से जुड़े व्यक्तियों के आर्थिक उत्थान के लिए इसे प्रसारित करने में भी अहम भूमिका निभाई है।

इस संस्थान के जरिये विकसित प्रौद्योगिकियों के 80 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी छोटानागपुर क्षेत्र के गरीब और सीमांत जनजातीय किसान हैं। उन्होंने हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि विगत 99 वर्षों में,

संस्थान की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 10 लाख से अधिक व्यक्तियों को कौशल प्रदान कर उनके सामाजिक-आर्थिक उन्नयन के लिए प्रयास करना सराहनीय है।

राज्यपाल ने कहा कि आज हमारा देश कच्चे लाह के उत्पादन के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी उत्पादक है, जिसका वार्षिक उत्पादन 20,000 टन से अधिक है, जो विश्व के कुल उत्पादन का लगभग 80 प्रतिशत है। इसमें झारखंड राज्य का योगदान प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि कृषि हमेशा हमारे राष्ट्र की रीढ़ रही है। हमारे राज्य में वार्षिक लगभग 1500 मिमी वर्षा होने के बावजूद कृषि के क्षेत्र में कतिपय समस्याएं हैं। हमारे किसानों को उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी अपनानी होगी। प्रधानमंत्री किसानों की आय में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसके लिए किसानों को द्वितीयक कृषि पद्धतियों का उपयोग करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को ह्लइंटरनेशनल मिलेट ईयरह्व घोषित किया गया है।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य में कृषि से संबंधित गतिविधियों को बढ़ाया जाना चाहिए। सब्जियों, मसालों, औषधीय पौधों, सुगंधित चावल आदि की जैविक खेती की यहां पूर्ण संभावना है। उन्होंने मत्स्यपालन, मुगीर्पालन के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह संस्थान प्रतिबद्धता से कार्य करते हुए और उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करेगा। इस दौरान राज्यपाल ने ह्यलाह कलर एनालायजरह्व एवं पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया।

महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित है मोदी सरकार : आरती कुजूर

रांची,। प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा ने बुधवार को उत्सव मनाकर लोकसभा में पेश नारी शक्ति वंदन बिल का स्वागत किया। प्रदेश कार्यालय में मोर्चा ने गाजे-बाजे के साथ अबीर-गुलाल लगाकर एवं मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई।पत्रकारों को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाईं हैं। साथ ही 11 महिलाओं को कैबिनेट में जगह भी दिया है। अब नारी शक्ति वंदन अध्यादेश लाकर आधी आबादी को जो सम्मान दिया, इसके लिए केंद्र सरकार आभार। राष्ट्रीय मंत्री महिला मोर्चा की आरती सिंह ने आधी आबादी को दिये गये इस सम्मान के लिए प्रधानमंत्री को झारखंड प्रदेश की

तरफ से धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान, शौचालय निर्माण, गर्भवती माताओं का सहयोग, मातृत्व अवकाश की वृद्धि, तीन तलाक की समाप्ति, उज्जवला गैस योजना, बेटी बचाव-बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रम चलाकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़े कार्य किए। स्वागत कार्यक्रम आज झारखंड के प्रत्येक जिले के सभी मंडलों में मनाया गया। महिला सशक्तिकरण की एक और मिसाल प्रस्तुत कर प्रधानमंत्री ने इतिहास रचने का काम किया । इस ऐतिहासिक कार्य के लिए प्रधानमंत्री को झारखंड प्रदेश महिला मोर्चा का आभार।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष रेणुका मुर्मू, प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता पाण्डेय, प्रदेश मंत्री रेनू तिर्की, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिन्हा, सोशल मीडिया प्रभारी रंजिता सिंह सहित कई महिलाएं उपस्थित थीं।

हाई कोर्ट में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े मामले में हाजिर हुए साहिबगंज एसपी

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपी कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील की सुनवाई हुई। मामले में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए। मामले की सुनवाई जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि एसआई और एएसआई के नेतृत्व में एक दल बनाकर बच्चों की खोज खबर के लिए उन्हें दिल्ली भेजा गया है। वे वहां की लोकल एजेंसी के साथ मिलकर लापता बच्चों को खोज कर रहे हैं लेकिन अब तक बच्चों का सुराग नहीं मिल पाया है। मामले के सह आरोपी वीरेन साह एवं पप्पू साह को गिरफ्तार कर

लिया गया है। कुलदेव साह को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।कोर्ट ने मामले मामले की गंभीरता को देखते हुए सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन को बुलाया। कोर्ट ने एसपी साहिबगंज को निर्देश दिया कि जिन तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है उन्हें कस्टडी में लेकर लापता बच्चों के बारे में जानकारी इकट्ठा करें और उसे दिल्ली भेजे गए दल को बताएं ताकि बच्चों की जल्द सकुशल बरामद किया जा सके।

महाधिवक्ता ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि गुमशुदा बच्चों की तलाशी के लिए कार्रवाई तेज की जाएगी। कोर्ट ने अगली सुनवाई में साहिबगंज एसपी एवं मामले के अनुसंधानकर्ता (आईओ) को फिर से सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश देते हुए उन्हें बच्चों की बरामदगी को लेकर अबतक की गई कार्रवाई पर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई छह अक्टूबर निर्धारित की है। प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता प्रत्यूष लाला एवं दीपक साहू ने पर पैरवी की। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट से जमानत का आग्रह किया गया था

भारतीय युवक संघ का 190 फीट का दुर्गा पूजा पंडाल होगा आकर्षण का केंद्र

रांची, । रांची के सबसे आकर्षक दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण करने वाले भारतीय युवक संघ (बकरी बाजार) की ओर से 190 फीट का पंडाल बनाया जा रहा है। चौड़ाई 140 फीट और ऊंचाई 50 फीट है।

पंडाल के निर्माण में 60 लाख रुपए खर्च होंगे।भारतीय युवक संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बुधवार को बताया कि इस बार का पंडाल आकर्षण का केंद्र होगा। उन्होंने बताया कि महाभारत के चक्रव्यूह की यात्रा के प्रसंग पर आधारित पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। चक्रव्यूह एक पहिए के जैसे घूमता हुआ व्यूह है। चक्रव्यूह वाले इस पंडाल की खासियत यह है कि श्रद्धालु इसमें फंसेंगे, लेकिन मां की कृपा से आसानी से दर्शन कर लेंगे।

उन्होंने बताया कि पंडाल के अंदर बीच में अभिमन्यु का रथ होगा। रथ के चारों तरफ शीशे लगे होंगे, जिसमें पंडाल का पूरा प्रतिबिंब नजर आएगा। पंडाल ऊपर की ओर से खुला होगा और अंदर ऑडिटोरियम होगा, जिसमें भव्य सजावट देखने को मिलेगा। इसमें मां का दरबार लगेगा, 13 फीट ऊंची स्वर्ण जड़ित मूर्ति स्थापित की जाएगी। मूर्ति को बंगाल के कलाकार रांची में ही बनाएंगे। बंगाल के 90 कारीगर पंडाल बनाने में जुटे हैं। बच्चों के लिए मेला आकर्षण का केंद्र रहेगा, जिसमें 15 आधुनिक झूले लगाए जाएंगे। बंगाल और रांची की ओर से लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है।

अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में शिकायतकर्ता की हुई गवाही, अगली सुनवाई 29 को

रांची। चेक बाउंस से जुड़े अभिनेत्री अमीषा पटेल के मामले में बुधवार को न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह की ओर से गवाही हुई। मामले में प्रतिवादी बनाए गये कुणाल ग्रोमर की ओर से उसका प्रति परीक्षण किया गया।

अमीषा के अधिवक्ता जय प्रकाश ने अदालत से मामले में समय की मांग की। अधिवक्ता ने अदालत से कहा कि मामले में सीनियर अधिवक्ता प्रति परीक्षण करेंगे। इस पर अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह अंतिम मौका दिया जा रहा है। इसके बाद अदालत ने 29 सितम्बर की तिथि निर्धारित की। 29 सितम्बर को

अमीषा पटेल एवं अमीषा पटेल प्रोडक्शन की ओर से शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह का प्रति परीक्षण किया जायेगा।

दूसरी ओर अजय कुमार सिंह के अधिवक्ता विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव ने समय मांगे जाने का विरोध किया।

क्या है मामला

फिल्म मेकर अजय कुमार सिंह ने अभिनेत्री अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। देशी मैजिक फिल्म बनाने के नाम पर अजय कुमार सिंह से अमीषा पटेल ने दो करोड़ रुपये लिया था लेकिन वह फिल्म नहीं बनी। लौटाने के लिए जो चेक दिया गया वह बाउंस कर गया। अजय कुमार सिंह के पैसा मांगने पर अमीषा पटेल ने दो चेक दिए। दोनों चेक बाउंस हो गए। इसके बाद अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला 2018 दर्ज कराया था।

आशुलिपिक की परीक्षा लेगा जेएसएससी, अधिसूचना जारी

रांची। झारखंड के अधीन आशुलिपिक सेवा संवर्ग के कर्मियों की नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त संशोधित नियमावली-2023 गठित कर दी गयी है। इस संबंध में बुधवार को राजस्व भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। इसके अंतर्गत आशुलिपिक के नियुक्ति एवं प्रोन्नति नियमावली में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटर होना आवश्यक रखा गया है।

अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त कर लेना होगा। पूर्व में झारखंड के ही शैक्षणिक संस्थान से मैट्रिक-इंटर पास होना अनिवार्य था, जिसे अब

विलोपित कर दिया गया है। इसके अलावा अब मेघा सूची के बजाए आशुलिपिक के पद झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित आशुलिपिक प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर भरा जायेगा।

नियुक्ति में कोई दिक्कत हुई तो झारखंड सरकार का निर्णय अंतिम होगा। कर्मचारी चयन आयोग अधियाचना के अनुसार योग्यता क्रम में सफल उम्मीदवारों की नियुक्ति की अनुशंसा करेगा। नियुक्तियां संबंधित विभाग के विभागीय प्रधान द्वारा की जायेगी। इनकी पोस्टिंग विभाग के अधीन कार्यालय में की जायेगी। नई नियमावली बनने के बाद अब विभाग कर्मचारी चयन आयोग को रिक्तियों की अधियाचना भेजेगा, जिसके बाद इसकी प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

सार-संक्षेप

उदय शंकर ओझा की पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

रांची। कांग्रेस नेता और सामाजिक कार्यकर्ता उदय शंकर ओझा की सातवीं पुण्यतिथि पर बुधवार को कृषि बाजार पंडरा में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य पार्टी नेताओं ने ओझा के चित्र पर मालार्पण कर नमन किया।

इस अवसर पर राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मजदूरों के शुभचिंतक और ट्रक एसोसिएशन एवं रांची महावीर मंडल के अध्यक्ष उदय शंकर ओझा मजदूरों, गरीबों, जरूरतमंदों के बहुत बड़े मसीहा थे। उनकी पहचान मजदूर नेता के तौर होती रही है। रांची में उन्होंने मजदूरों के प्रति कार्यों से अलग पहचान बनाई थी। धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देने वाले नेता थे। पार्टी और समाज को उनकी कमी हमेशा खलती रहेगी।

श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, महासचिव विनय सिंहा दीपू, संजय पांडे, प्रवक्ता डॉक्टर एम तौसीफ महानगर अध्यक्ष कुमार राजा सहित अन्य शामिल थे।

ईडी ने अवैध खनन मामले में बच्चू यादव के दोनों भांजों को भेजा समन

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध खनन मामले में साहिबगंज के गोरा संजय और काला संजय को एक नया समन जारी किया है। ईडी ने उन्हें साहिबगंज के अवैध खनन मामले में 27 सितम्बर को ईडी के रांची जोनल स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है।

इससे पहले भी ईडी ने दोनों को पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन दोनों उपस्थित नहीं हुए। गोरा संजय और काला संजय बच्चू यादव के भांजे हैं। ईडी को जानकारी मिली है कि बच्चू यादव की अवैध खनन से अर्जित संपत्ति का निवेश उसके दोनों रिश्तेदारों ने किया है। ईडी ने बैंक खातों के ट्रांजेक्शन से जुड़े साक्ष्य और निवेश की जानकारी जुटाई है। इसी आधार पर दोनों को ईडी ने समन किया है।

जमीन घोटाले मामले के आरोपित प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका खारिज

रांची। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने बुधवार को जमीन घोटाले के आरोपित प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका खारिज कर दी।

इससे पूर्व 14 सितम्बर को सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामले में अदालत ने आज फैसला सुनाते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी। प्रेम प्रकाश की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह ने बहस की। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस की।

प्रेम प्रकाश पर चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन और बरियातू स्थित सेना की जमीन की खरीद-बिक्री करने का आरोप है। इसके अलावा प्रेम प्रकाश अवैध खनन के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के केस में भी आरोपित हैं और जमीन घोटाले मामले में भी ईडी ने उसे आरोपित बनाते हुए आरोप पत्र दाखिल किया है।

अब पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी मीडिया से नहीं करेंगे संवाद

रांची। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने पुलिस की मीडिया नीति से संबंधित आदेश जारी किया है। इसके तहत अब पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी मीडिया से संवाद नहीं करेंगे। इसका मकसद है कि पुलिस विभाग की नीति के अनुसार उस समय मीडिया को संबंधित सूचना सही समय पर उपलब्ध कराई जाए जब अनुसंधान की प्रक्रिया प्रतिकूल रूप से बाधित न हो और पुलिस अभियान में बाधा उत्पन्न ना हो। साथ ही पुलिसकर्मियों की सुरक्षा खतरे में ना हो। पीड़ित और आरोपित के कानूनी और मूलभूत अधिकारों का हनन ना हो। इससे राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

आदेश में कहा गया है कि पुलिस मुख्यालय के लिए डीजीपी और उनके जरिये प्राधिकृत पुलिस प्रवक्ता ही पुलिस से संबंधित मीडिया को जानकारी दे सकेंगे। प्रत्येक जिले के कार्यालय में एक मीडिया सेल की शाखा होगी, जिसके प्रभारी मुख्यालय स्थित एएसपी और डीएसपी होंगे। जिले में एसपी और प्रभारी मीडिया के जरिये संबंधित जानकारी मीडिया को दी जाएगी। सामान्य रूप से मीडिया ब्रीफिंग का स्थान कार्यालय कक्ष होगा और प्रतिदिन निर्धारित समय शाम के चार बजे से छह बजे के बीच निर्धारित होगा। इसकी सूचना यथा समय सभी मीडियाकर्मियों को दी जायेगी।

इसके अलावा पुलिस से संबंधित मामलों जैसे बड़ी आपराधिक और विधि-व्यवस्था की घटना, महत्वपूर्ण उद्भेदन-गिरफ्तारी, बरामदगी एवं अन्य उपलब्धि पर स्वयं जिला एसपी की ओर से मीडिया से वार्ता की जायेगी। जिला एसपी की ओर से मीडिया सेल शाखा में घटना की परिस्थिति के अनुसार घटनास्थल, थाना या अन्य कार्यालय में प्रेस से संवाद किया जा सकता है। एसपी और प्रभारी मीडिया सेल शाखा वर्दी में ही मीडिया के साथ बातचीत करेंगे। किसी अपराध के दर्ज होने के 48 घंटों के भीतर केवल इतनी ही सूचना साझा की जायेगी जो घटना के तथ्यों को प्रकट करे और आश्वस्त कर सके कि मामले को गंभीरता से किया जा रहा है।

किसी अपराध के संबंध में गुप्त और तकनीकी सूत्रों को मीडिया के समक्ष प्रकट नहीं किया जायेगा। ना ही अनुसंधान की दिशा और तकनीकों का खुलासा किया जाएगा। यौन हिंसा के पीड़ितों और बच्चों की पहचान को मीडिया के सामने खुलासा नहीं किया जायेगा। आरोपितों की गिरफ्तारी होने पर मीडिया को बताया जायेगा लेकिन उन्हें मीडिया के समक्ष पेश नहीं किया जायेगा।

टेक होम राशन में उचित पोषण सुनिश्चित : शशि प्रकाश

रांची, 20 सितंबर (हि.स.)। समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि हर साल की तरह इस वर्ष भी पोषण माह का आयोजन पूरे प्रदेश में प्रखंड स्तर तक किया जा रहा है। इस वर्ष का थीम सुपोषित झारखंड, साक्षर झारखंड और सशक्त झारखंड है। हमने भगवान बिरसा मुंडा के पवित्र गांव से इस मिशन की शुरूआत की है। वह बुधवार को प्रोजेक्ट बिल्डिंग स्थित नये सभागार में मीडिया को पोषण माह की जानकारी दे रहे थे।

शशि प्रकाश ने बताया कि लक्षित लाभार्थियों का पोषण सुधारने के लिए हमारे यहां टीएचआर यानी टेक होम राशन में उचित पोषण

सुनिश्चित किया गया है। हम हर महीने 38432 आंगनबाड़ी केन्द्रों द्वारा 34 लाख से अधिक लाभार्थियों को टीएचआर के तहत सेवा प्रदान कर रहे हैं। पोषण माह के दौरान हर गोदाम की निगरानी पोषण ट्रैकर में सभी लाभार्थियों की डिजिटल डेटा एंट्री भी सुनिश्चित की गयी है ताकि हम वास्तविक समय में निगरानी कर सकें और जान सकें कि किन लोगों को टीएचआर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि कुछ इसी तरह से सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी हर दिन 3-6 साल के बच्चों को गर्म पका हुआ भोजन और नाश्ता का वितरण भी कराया जाता है। विभाग की ओर से बच्चों की नियमित निगरानी के साथ गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और 0-6 वर्ष के बच्चों को सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

निदेशक ने बताया कि राज्य भर में पोषण माह के दौरान कई अलग अलग गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अब तक राज्यभर में 6.76 लाख से अधिक गतिविधियां की जा चुकी हैं। सेविका, हेल्पर, सभी सीडीपीओ, आब्जर्वर, डीएसडब्ल्यूओ, यूनिसेफ और अन्य विभागों का सहयोग लिया जा रहा है। हम सभी 224 योजनाओं से प्रत्येक सेविका और सहायिका को बेहतर प्रदर्शन के लिए नकद पुरस्कार भी देने जा रहे हैं। निदेशक ने मिलेट्स के खाद्य पदार्थों को भी शामिल करने की बात कही ताकि पोषाहार को ज्यादा बल मिल सके।

दस लाख रुपये देने के आश्वासन के 77 घंटे बाद ग्रामीणों ने आंदोलन लिया वापस, जमींदोज में तीन महिलाएं समा गई थी

धनबाद। बीसीसीएल के गोन्दूडीह कोलियरी के हिल टॉप आउटसोर्सिंग के समीप भूधंसान में तीन महिलाएं की मौत मामले में 77 घंटे के सफल वार्ता के बाद ग्रामीणों ने आंदोलन को वापस ले लिया। इसके बाद तीनों शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया गया। जेबीकेएसएस के अध्यक्ष सह खतियानी नेता जयराम महतो के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सीओ, बाघमारा पुलिस अनुमंडल के अवर निरीक्षक के साथ वार्ता किया। 14 सूत्री मांगों पर पर सहमति बनी। बीसीसीएल द्वारा छह लाख व झारखंड सरकार

द्वारा चार लाख मुआवजा देने की आश्वासन दिया गया है। फिलहाल बीसीसीएल एक-एक लाख रुपया आश्रितों को दिया। बता दें कि हिल टॉप आउटसोर्सिंग के समीप से जा रही तीन महिलाएं जमींदोज हो गई थी। काफी मशक्कत के बाद रेसक्यू टीम ने तीनों महिलाओं के क्षत विक्षत शव निकाला। इसके बाद उग्र ग्रामीणों ने बीस लाख रुपये मुआवजा और आश्रित को नियोजन देने की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे थे। खतियानी नेता जयराम महतो के नेतृत्व में सफल वार्ता हुई और ग्रामीणों ने आंदोलन को वापस ले लिया।

हिन्दी दैनिक
झारखण्ड देखो
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

जिले में 01 से 19 साल तक के 9,73,417 बच्चों और किशोर-किशोरियों को खिलाई जायेगी एल्बेंडाजोल की गोली

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

जमशेदपुर/ जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का जिला स्तरीय शुभारम्भ उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार के द्वारा सुंदरगढ़ के नंदूप आंगनबाड़ी केंद्र मे बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिला कर किया गया। जिले में 01 से 19 वर्ष तक के 09 लाख 34 हजार 417 बच्चों और किशोर-किशोरियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रखंड बेहरागोड़ा में 69650, चाकुलिया में 53610, धालभुमगढ़ में 44783, डुमरिया में 28571, गोलमुरी जुगासलाई में 497771, घाटशिला में 60655, मुसाबनी में 44403, पटमदा में 75600 और प्रखंड पोटका में 97389 बच्चों को कृमि मुक्ति के दवा खिलाई जाएगी।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग और शिक्षा विभाग के सक्रिय सहयोग से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी प्रथम सेवा प्रदाताओं को जिले में आयोजित किए जा रहे डिवर्मिंग कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही माता-पिता और अभिभावकों से अपील किया कि वे स्वयं सुरक्षा दिशा निर्देशों का पालन करते हुए कृमि मुक्ति कार्यक्रम के दौरान प्रथम सेवा प्रदाताओं को अपना पूरा सहयोग प्रदान करें। उन्होंने मिशन इन्द्रधनुष में किए गए अच्छे प्रदर्शन की तरह ही कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम में और भी बेहतर प्रदर्शन करने की बात कही जिससे कि अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा बच्चों को कृमि मुक्त किया जा सके। साथ ही उन्होंने बताया कि मॉप अप दिवस 29 सितंबर को आयोजित किया जाएगा।

कृमि दिवसझ्रजानकारी कृमि परजीवी मनुष्य के आंत में रहते हैं और जीवित रहने के लिए मानव शरीर के जरूरी पोषक तत्व को खाते हैं । कृमि संक्रमण भारत में एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या है और ये बच्चों और किशोरों की शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास पर हानिकारक प्रभाव डालते हैं। इनसे एनीमिया और कुपोषण का भी खतरा है । नियमित डिवर्मिंग बच्चों और किशोरों में कृमि के संक्रमण को समाप्त कर, उनके शारीरिक और संज्ञानात्मक विकास में योगदान कर सकता है और साथ ही जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकता है। एल्बेंडाजोल डब्ल्यू.एच.ओ द्वारा अनुमोदित दवा है जिसका उपयोग पूरे विश्व में बच्चों और किशोरों में आंत के कृमि संक्रमण को रोकने के लिए किया जाता है। छोटे बच्चों में एल्बेंडाजोल टैबलेट का सेवन ठीक से चूर करके किया जाना है। कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत 6 से 19 वर्ष तक के बच्चों को स्कूलों में जाकर दवा खिलाई जाएगी। 1 से 2 साल के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली, 2 से 3 तक साल के बच्चों को एक गोली, 3 से 19 साल के बच्चों को एक गोली खिलाना है।

झामुमो नेता प्रमोद लाल को अदालत से अग्रीम जमानत मिली

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

जमशेदपुर। झारखंड आन्दोलनकारी, कोल्हान परिवहन प्राधिकार के सदस्य एवं पूर्वी सिंहभूम जिला बीस सूत्री सदस्य प्रमोद लाल को एक मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अग्रिम जमानत मंजूर कर ली है।

प्रमोद लाल की और से जिला न्यायालय में पिछले शुक्रवार को अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई थी, जिसमें अदालत ने झामुमो नेता प्रमोद लाल को बुधवार को अग्रिम जमानत दी है। इस मामले में स्लैग रोड भालूबासा निवासी जयप्रकाश सिंह ने निचली अदालत में साल 2019 में शिकायत वाद दाखिल किया था। जयप्रकाश ने बताया था कि प्रमोद लाल से उसकी जान पहचान अच्छी थी और उन्होंने पत्नी के इलाज के लिए एक लाख दोस्ताना कर्ज मांगे थे जिसे उन्होंने चेक के माध्यम से जून 2018 में दिया था। वादे के अनुसार प्रमोद लाल ने कर्ज नहीं लौटाया। वह उसके घर पैसा मांगने गए, लेकिन उन्होंने पैसा वापस नहीं किया तो लीगल नोटिस भेजा। इसके बाद प्रमोद लाल वादी के घर गया और धमकाया कि पैसा मांगोगे तो बुरा परिणाम होगा। मामले को लेकर वादी जयप्रकाश सिंह ने न्यायालय की शरण में आरोपी प्रमोद लाल के खिलाफ धारा 420 के तहत शिकायतवाद दर्ज कराया। इसको लेकर झामुमो नेता प्रमोद लाल पर वारंट निकला था। बुधवार को झामुमो में नेता प्रमोद लाल को अदालत ने जमानत दे दी है।

संक्षिप्त समाचार

प्रमुख की अध्यक्षता में पंसस की हुई बैठक

डुमरी/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। प्रखंड सह आंचल कार्यालय सभागार में बुधवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई।अध्यक्षता प्रमुख उषा देवी ने किया।बैठक में बीडीओ डुमरी अन्वेषा ओना,नवपदस्थापित सीओ शशि भूषण वर्मा, उपप्रमुख उपेंद्र महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे।इस दौरान उपस्थित पंसस एवं अधिकारियों के बीच परिचय प्राप्त किया गया।इस दौरान पिछले बैठक में लिये गए प्रस्तावों पर कृत कार्रवाई की जानकारी ली गई। प्रमुख द्वारा बैठक में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगने का प्रस्ताव लिया गया।बैठक में बेरमो मोड़ के समीप बजरंगबली मंदिर के सामने शराब का दुकान को अभिलंब बंद कराने का प्रस्ताव लिया गया।चिरैया मोड़ में नल जल योजना के तहत टंकी बनाने साथ ही सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराने का प्रस्ताव लिया गया।नागाबाद पंसस द्वारा प्रस्ताव दिया गया कि नागाबाद में स्ट्रीट लाइट लगाया जाए,उत्क्रमित मध्य विद्यालय नारो के सामने ही चिंतामणि पंडित के द्वारा निजी आवास बनाए जा रहा है उसपर रोक लगाया जाए।अमरा पंसस शंभूनाथ महतो ने पंचायत के प्लस टू हाई स्कूल में शिक्षकों की नियुक्ति करने का प्रस्ताव दिया।वहीं बरमसिया विद्यालय के जमीन का घेराबंदी करने एवं सरकारी जमीन से संबंधित बोर्ड लगाने का प्रस्ताव लिया गया।बैठक में रेफरल अस्पताल डुमरी के प्रभारी चिकित्सा डा राजेश महतो बीएओ प्रतापदेव नाग बीटीएम मुकेश कुमार बीईईओ जयकुमार तिवारी बीपीओ हेमलता कुमारी एचई जीबी राम पंसस सतीश मंडल,अखिलेश राणा मुखिया नूरउद्दीन अंसारी,शोभा जायसवाल आदि उपस्थित थे।

कंटेनर में 45 मवेशी पकड़ाने के बाद बवाल, जमकर मारपीट

झारखंड देखो/प्रतिनिधि। धनबाद। बरवाअड्डा में गौ रक्षक दल ने मवेशी लदे कंटेनर पकड़ा। इसके बाद जमकर बवाल हुआ। एक दूसरे को गौ तस्करी में शामिल होने का आरोप लगाया। भाजपा नेता डायरी की मांग कर रहे थे। वहीं गौ रक्षक दल भाजपा नेता पर गौ तस्करी धंधा में संलिप्त होने का आरोप लगा रहे थे। स्थित काफी तनावपूर्ण हो गई। इस दौरान भाजपा नेता रमेश पांडेय और गौ रक्षक दल के समर्थकों के बीच भिड़त हो गई। बताया जाता है कि 45 मवेशी लदे कंटेनर को गौ रक्षक दल के सुमन शर्मा ने पकड़ा। इसके बाद भाजपा नेता रमेश पांडेय के समर्थक वहां पहुंच गए और पुलिस के सामने उसे दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। गौ तस्करी को लेकर भाजपा नेता रमेश पांडेय और गौ रक्षक दल के सुमंत शर्मा एक दूसरे पर गौ तस्करी में शामिल होने का आरोप लगा रहे हैं।

उपायुक्त की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग के विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया....

सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को तय समय अनुसार करें पूर्ण उपायुक्त...

उपायुक्त ने अधिकारियों को जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए योजनाओं को ससमय पूरा करने का दिया निर्देश....

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

देवघर। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर की अध्यक्षता में जिला अन्तर्गत चल रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रखण्डवार समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने प्रखण्डवार तरीके से जिला अन्तर्गत चल रहे बिरसा आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहब अम्बेडकर आवास योजना के तहत चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित प्रखण्डों प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित करते हुए कहा कि शेष बचे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए किस्त की राशि लाभुकों के खाते में हस्तांतरित करें। आगे उपायुक्त ने प्रखण्डवार तरीके से लंबित आवासों को पूर्ण करने के उदेश्य से चलो करें आवास पूरा अभियान के माध्यम से आवास निर्माण में आ रही कठिनाईयों व

समस्याओं का निराकरण करते हुए क्षेत्र भ्रमण कर अधिक से अधिक लाभुकों को प्रेरित करते हुए अधिकाधिक आवास को पूर्ण कराये, ताकि शत प्रतिशत चिन्हित लाभुकों के आवास निर्माण कार्य को पूर्ण किया जा सके।

इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत प्रखण्डों में चल रहे कार्यों के अलावा पूर्ण हो चुके कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निदेशित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है। ऐसे में चयनित प्रखण्डों में वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत कराये जाने वाले कार्यों को पूर्ण करें और इसके साथ शौचालय व चैंजिंग रूम के कार्यों को भी तय समय में पूर्ण करें। आगे बैठक के दौरान उपायुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना 2023-24 फेज-1 एवं फेज-2, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन, आधार सिडिंग, नए आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्य, ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत रोजगार देने की स्थिति की बिन्दुआर समीक्षा करते हुए प्रखण्ड व पंचायत स्तर के अधिकारियों को जमीनी स्तर पर कार्य करने का निदेश दिया। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने मनरेगा के तहत 100 दिन तक कार्य करने वाले श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने के उदेश्य से एबीआई आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाकर उन्हें रोजगार से जोड़ने का निर्देश संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को दिया। आगे उपायुक्त ने अपने-अपने क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर बेहतर तरीके से कार्य करते हुए संचालित सभी पुरानी योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निदेश संबंधित अधिकारियों व प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को दिया।

समीक्षा बैठक के क्रम में उपायुक्त विशाल सागर ने प्रखंडस्तरीय संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की उपलब्धि एवं कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। साथ हीं बैठक के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के माध्यम से सभी रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, बीपीओ को मनरेगा के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया है। वहीं बैठक के दौरान मनरेगा से संबंधित एवं प्रखंडस्तरीय संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्य में लापरवाही न बरतने की बात कही। इसके अलावे उपायुक्त ने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर सभी योजनाओं का निरीक्षण कर इन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करने का निदेश दिया। बैठक के दौरान जिले में चल रहे योजनाओं के प्रगति रिर्पोट की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरुप बेहतर कार्य प्रदर्शन करने वाले प्रखण्डों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। वहीं लक्ष्य के अनुसार कार्य प्रदर्शन नहीं करने वाले अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए ससमय लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने प्रखण्ड व पंचायत स्तर के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए जमीनी स्तर पर कार्यों की निगरानी करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने का निर्देश दिया।

इस दौरान उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त डॉ कुमार ताराचन्द, डीआरडीए निदेशक परमेश्वर मुण्डा, जिला कल्याण पदाधिकारी दयानन्द दूबे, सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, सभी प्रखण्डों के बीपीओ व प्रखण्ड समन्वयक आदि उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के पथ निर्माण का शिलान्यास

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

डुमरी। डुमरी प्रखंड के डुमरचुटियो पंचायत अंतर्गत डुमरचुटियो जीटी रोड से असनासिंघा तक सात किमी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बनने वाले पथ निर्माण कार्य का भूमि पूजन स्थानीय मुखिया रेहाना खातुन के द्वारा फीता काट कर किया गया। जबकि इस दौरान मंत्री पुत्र अखिलेश महतो, मुखिया संघ अध्यक्ष जगदीश प्रसाद महतो, पूर्व मुखिया खुर्शीद आलम, मुखिया प्रतिनिधि अख्तर अंसारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।मंत्री पुत्र ने कहा कि इस सड़क के बन जाने से ग्रामीणों को आने जाने में काफी सहूलियत होगी।मौके पर मिनहाज अंसारी,समसुल हक्क,अबुबकर अंसारी, इसराफिल अंसारी,रजाक अंसारी, अली मोहम्मद,क्यूम अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, सिकंदर अंसारी, इस्लाम अंसारी,बिजय महतो,शंकर महतो,रूपलाल महतो, सुनिल महतो आदि उपस्थित थे।

कोल इंडिया में तीन दिवसीय हड़ताल को लेकर मजदूर नेताओं ने की बैठक

निरसा। ईसीएल मुगमा एरिया के क्षेत्रीय सभागार में बुधवार को श्रमिक संगठनों की संयुक्त बैठक बरिष्ठ नेता उपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। पांच श्रम संगठनों के द्वारा पांच अक्टूबर से तीन दिवसीय हड़ताल पर चर्चा की गई। पूरे कोल इंडिया में नया वेतनमान को जबलपुर कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद पुराने वेतन देने के खिलाफ बैठक में चिंतित किया गया।। मुगमा क्षेत्र में भी तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने के लिए सभी श्रमिक संगठनों ने मिलकर रणनीति तैयार की। इसके लिए 23 सितम्बर को लखीमाता कोलियरी परिसर में संयुक्त रूप से कन्वेंशन करने का फैसला लिया गया है। जिसमें श्रमिक संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और अन्य नेतागण शामिल होंगें। मौके पर उपेंद्र सिंह, आगम राम, कृष्ण सिंह, गणेश धर, जगदीश शर्मा, शशि भूषण तिवारी, शशि नाथ तिवारी आदि थे।

बीपीसीएल एलपीजी संयंत्र बोकारो में एलपीजी फायर का किया गया मॉक ड्रिल

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

बोकारो। बीपीसीएल एलपीजी संयंत्र बोकारो में हुआ लेवल -2 मॉक ड्रिल, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, कारखाना निरीक्षक शिवानंद लागुरी आदि हुए शामिलजिला के बियाडा क्षेत्र स्थित भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के एलपीजी संयंत्र में में बुधवार को आपदा प्रबंधन लेवल -2 मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें आपात स्थिति में आगजनी एवं दुर्घटना में बचाव को लेकर की जाने वाली कार्रवाईयों को क्रमवार किया गया। मॉक ड्रिल बीपीसीएल एलपीजी बॉटलिंग प्लांट के टीएलडी गैन्ट्री में आग लगने के बाद राहत एवं बचाव कार्य का किया गया। संयंत्र

प्रबंधक प्रभात शाह की देखरेख में प्लांट कॉम्बैट टीम ने एलपीजी से लगे आग पर काबू पाने के लिए प्लांट फायर फाइटिंग की शुरुआत की। वहीं,अनियंत्रित फायर होने के कारण एलपीजी संयंत्र में आपदा घोषित की गई, जिसमें जिला प्रशासन से सहयोग मांगा गया। जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार एवं कारखाना निरीक्षक शिवानंद लागुरी

अपनी दल के साथ मौके पर पहुंच कर संयंत्र टीम को सहायता प्रदान कर एक जॉइंट् रेस्क्यू अंतर्गत आग बुझाने में सफल रहें।इस बीच,पारस्परिक सहायता सदस्यों आइओसीएल एवं अग्निशमन विभाग बोकारो के फायर फाइटर ड्रिल में शामिल हुए। रेस्क्यू टीम घायलों को निकालने में सफल रही। एक कर्मी को फायर चोट देखी गई, जिन्हें प्राथमिक उपचार देकर सदर अस्पताल बोकारो रेफर किया गया। कर्मियों की तत्परता व सुझ - बुझ से लेवल-2 मॉक ड्रिल सफल रहा।

झारखंड के 25 IPS को मिला नया बैच, गृह मंत्रालय ने जारी की वरियता सूची

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

जमशेदपुर। झारखंड सरकार के कार्मिक विभाग द्वारा केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी गई 25 आईपीएस अधिकारियों की सूची को आज वरियता के आधार पर निर्धारित कर नया बैच दे दिया गया है.गत13 और 14 सितंबर को झारखंड के गृह विभाग द्वारा केंद्रीय गृह मंत्रालय,नयी दिल्ली को राज्य के नव प्रोन्नत आईपीएस समेत कुल 25 आईपीएस अधिकारियों के नाम वरियता निर्धारण हेतु भेजा गया था.

विभागीय पत्र के आलोक में आज गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार से प्राप्त सूची के आधार पर कुल 25 आईपीएस अधिकारियों को 2012 से 2017 बैच प्रदान किया गया है.

सरायकेला एसपी रह चुके आनंद प्रकाश को 2012 बैच प्रदान किया गया है जबकि वरियता के आधार पर सरायकेला जिले में ही एसपी रह चुके मो.अर्शी आनंद प्रकाश से सीनियर माने जाएंगे चूंकि उनकी सीधी नियुक्ति आईपीएस 2012 बैच में ही हुई थी.

वहीं नव प्रोन्नत 6 आईपीएस अधिकारियों को 2014 बैच प्रदान किया गया है जिसमें सरोजिनी लकड़ा,एमेल्ड एक्का,सादिक अनवर

रिजवी,अरविंद कुमार सिंह,विकास कुमार पांडेय और विजय आशीष कुजूर शामिल हैं जबकि 2013 बैच के ही आईपीएस अंशुमान कुमार को सीधी नियुक्ति के आधार पर इन सभी से वरिष्ठ माना जाएगा.

इसी तरह वरियता के क्रम में 12 नव प्रोन्नत आईपीएस को 2016 बैच प्रदान किया गया है जिसमें दीपक कुमार शर्मा,राजकुमार मेहता,शंभू कुमार सिंह,अजय कुमार सिन्हा,अनुदीप सिंह,पूज्य प्रकाश,शहदेव साव,अमित कुमार सिंह,धनबाद के सिटी एसपी अजीत कुमार,मुकेश कुमार,दीपक कुमार पांडेय और जामताड़ा एसपी अनिमेष नैथानी के नाम शामिल हैं.

इसी क्रम में 6 नव प्रोन्नत आईपीएस को भी 2017 बैच प्रदान किया गया है जिसमें अजय कुमार,आरिफ इकराम, सरायकेला-खरसावां के एसपी डॉक्टर बिमल कुमार,रांची के ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो,कैलाश करमाली और दुमका एसपी पितांबर सिंह खेरवार शामिल हैं.

इन नव प्रोन्नत आईपीएस अधिकारियों में अमित सिंह,अनुदीप सिंह,डॉ बिमल कुमार,पितांबर सिंह खेरवार और कैलाश करमाली जमशेदपुर में डीएसपी के पद पर भी रह चुके हैं.

रिश्ते और बिगड़ेंगे

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के हालिया बयान के बाद दोनों देशों के बीच रिश्ते और खराब होंगे। उन्होंने संसद में आरोप लगाया है कि खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार का हाथ है।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के वहां की संसद में दिए गए ताजा बयान दोनों देशों के पहले से बिगड़ते रिश्तों को और बदतर ही बनाएंगे। उनका यह आरोप लगाना सचमुच अजीब है कि जून महीने में ब्रिटिश कोलंबिया में हुए एक खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार का हाथ होने के 'विश्वसनीय आरोप' हैं। खुद ट्रूडो के बयान के मुताबिक वहां की एजेंसियां अभी इस मामले की जांच ही कर रही हैं। जब जांच किसी नतीजे तक नहीं पहुंची है तो फिर उस आधार पर कोई नतीजा भी नहीं निकाला जा सकता। शायद इसीलिए ट्रूडो ने आरोपों को ही विश्वसनीय बता दिया। ये आरोप कनाडा के खालिस्तानी तत्व शुरू से लगा रहे हैं, लेकिन कोई सबूत नहीं दे पा रहे। बावजूद इसके, खुद कनाडाई प्रधानमंत्री ने इस हत्या के सिलसिले में भारत का नाम ले लिया। भारएत ने ठीक ही इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। लेकिन ट्रूडो ने कोई पहली बार इस तरह का गैरजिम्मेदार रवैया नहीं दिखाया है। पिछले दिनों ऋ20 की शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान भी उनके रुख से यही संकेत मिला कि वह कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्वों की हरकतों को गंभीरता से नहीं लेते। उन्होंने जहां खालिस्तानी तत्वों की गतिविधियों को अपने नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी का हिस्सा करार दिया, वहीं यह भी कहा कि वे किसी देश को इस मामले में दखलंदाजी नहीं करने देंगे।

साफ है कि भारत की संप्रभुता और इसकी एकता-अखंडता जैसे महत्वपूर्ण मसले का वह अन्य मुद्दों से घालमेल कर रहे हैं। इससे पहले 2020 में भारत में हो रहे किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान भी उन्होंने बेवजह ही किसान आंदोलन का समर्थन कर भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने का प्रयास किया था। उससे भी पहले 2018 में जब वह भारत दौरे पर आए थे तो मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में उनकी पूर्व पत्नी की एक खालिस्तानी नेता जसपाल सिंह अटवाल के साथ तस्वीर को लेकर विवाद हो गया था। पंजाब के एक पूर्व कैबिनेट मंत्री की 1986 में वेंकुवर में हुई हत्या के मामले में 20 साल जेल में बिता चुके अटवाल का नाम कनाडियाई हाईकमिशन की ओर से आयोजित डिनर की गेस्ट लिस्ट में भी शामिल था, जिसे विवाद के बाद हटाया गया। हालांकि कुछ जानकार ट्रूडो के इस रवैये के पीछे उनकी चुनावी राजनीति की मजबूरियां गिनाते हैं। संसद में दिए उनके ताजा बयान को भी फूड इन्फ्लेशन और हाउसिंग संकट के कारण घरेलू मोर्चे पर बढ़ती उनकी मुश्किलों से जोड़कर देखा जा रहा है। लेकिन वजह चाहे जो भी हो, उनका यह रुख दोनों देशों के रिश्तों में खटास तो बढ़ाता ही जा रहा है। दोनों देश एक-एक सीनियर डिप्लोमैट को निष्कासित करने की घोषणा तो कर ही चुके हैं, करीब एक दशक के गैप के बाद शुरू हुई मुफ्त व्यापार समझौते की वार्ता भी अटक गई है

भारत के बढ़ते रसूख का सबको अहसास

किसी राष्ट्र की यात्रा में ऐसे पल आते हैं, जब वैश्विक मंच पर उसका उभार कुछ इस तरह से होता है कि उसमें शक की कहीं कोई गुंजाइश नहीं होती। भारत की जी20 की अध्यक्षता ऐसा ही ऐतिहासिक पल लेकर आई है। भारत जी20 शिखर बैठक में संयुक्त वक्तव्य पर आम सहमति हासिल कर पाएगा या नहीं, इस सवाल को लेकर उदासी के सारे बादल तब अचानक छंट गए, जब बैठक समाप्त होने के काफी पहले ही सहमति का दस्तावेज सार्वजनिक कर दिया गया। भारत का औसत प्रदर्शन देखने के हम इस कदर आदी हो चुके हैं कि जब देश ने अपेक्षाओं की सारी हदें तोड़ते हुए अच्छा प्रदर्शन किया तो उस खबर को जज्ब करने में भी हमें थोड़ा वक्त लगा। यहां बात सिर्फ नई दिल्ली घोषणा पर बनी सहमति की नहीं, उस पूरे ऐटिट्यूड की है, जिससे जी20 की यह पूरी प्रक्रिया संचालित की गई।

दो समानांतर संवाद

शिखर बैठक में भारत ने अपनी वैश्विक महत्वाकांक्षा और मेगा डिप्लोमेसी की क्षमता को फिर से साबित किया। जी20 की इस प्रक्रिया के दौरान समानांतर रूप से दो संवाद साथ-साथ चल रहे थे।

-एक तरफ देश के अंदर आम हिंदुस्तानी घरेलू और दूसरे देशों के बीच लगातार धुंधली पड़ती रेखा को देख रहा था और इस तरह देश के बाहरी प्रभाव को बेहतर ढंग से महसूस कर पा रहा था।

-दूसरा संवाद बाकी पूरी दुनिया से था, जो अतीत में अक्सर वैश्विक मंचों पर नेतृत्व करने की भारत की इच्छा और क्षमता पर सवाल उठाती रही थी।

सच पूछिए तो पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के वैश्विक व्यवहार में महत्वाकांक्षा की नई भावना भर दी है। उनकी द्विपक्षीय कूटनीति तो जगजाहिर रही ही है, जी20 ने उन्हें और भारत को सीधे एक बड़े और व्यापक मंच पर ला दिया। इसमें नई दिल्ली को बड़ी ताकतों के आपसी संघर्ष से उपजे मौजूदा अंतरराष्ट्रीय माहौल से भी मदद मिली।

-तेजी से उभरते वैश्विक शक्ति संतुलन के दबाव के कारण मौजूदा बहुपक्षीय संस्थानों की कमजोरियां पूरी तरह उजागर हो चुकी हैं।

-यूक्रेन युद्ध के चलते वैश्विक विकास का वह अजेंडा खतरे में पड़ गया, जिसके लिए महामारी के बाद के समय में दुनिया का एक बड़ा हिस्सा बेकरार था।

-ऐसे में चीन और पश्चिम की बढ़ती आक्रामकता न केवल पूरी दुनिया में निराशा फैला रही थी, बल्कि नेतृत्व का एक शून्य भी पैदा कर रही थी।

भारत जी20 शिखर बैठक में संयुक्त वक्तव्य पर आम सहमति हासिल कर पाएगा या नहीं, इस सवाल को लेकर उदासी के सारे बादल तब अचानक छंट गए, जब बैठक समाप्त होने के काफी पहले ही सहमति का दस्तावेज सार्वजनिक कर दिया गया। भारत का औसत प्रदर्शन देखने के हम इस कदर आदी हो चुके हैं कि जब देश ने अपेक्षाओं की सारी हदें तोड़ते हुए अच्छा प्रदर्शन किया तो उस खबर को जज्ब करने में भी हमें थोड़ा वक्त लगा।

भारत इस शून्य को भरने के लिए तेजी से आगे बढ़ा। अपने नेतृत्व का सिक्का जमाने के लिए उसने जी20 की अपनी अध्यक्षता का बेहतरीन इस्तेमाल किया। इस बात से खास मतलब नहीं था कि जी20 का मंच अतीत में खास प्रभावी नहीं रहा है। नई दिल्ली को अपनी भूमिका सही ढंग से निभानी थी और उसने निभाई। भू-राजनीतिक ध्रुवीकरण को अच्छी तरह समझते हुए उसने वैश्विक विकास का अजेंडा ग्लोबल साउथ के नजरिए से बनाया। वैश्विक राजनीति की संरचनात्मक वास्तविकताएं कोई भारत की बनाई हुई नहीं हैं, न ही भारत इकतरफा तौर पर उन्हें बदल सकता है। लेकिन उसे ग्लोबल गवर्नेंस का अपना अजेंडा सामने रखने का कोई रास्ता तलाशना था। और, यह काम उसने पूरे भरोसे के साथ किया; टकराव और विकास के अजेंडे के बीच की कड़ी पर फोकस बढ़ाते हुए, सस्टेनेबल डिवेलपमेंट गोल्स(SDGs) हासिल करने में मिल रही नाकामियों को रेखांकित करते हुए, अपने डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर(DPP) को वैश्विक जनकल्याण के साधन के रूप में पेश करते हुए, मल्टीलैटरल डिवेलपमेंट बैंक में सुधार की प्रक्रिया को तेज करने पर जोर बढ़ाते हुए, कम और मध्य आय वाले देशों पर कर्ज के बोझ को रेखांकित करते हुए और ग्लोबल साउथ को अपनी ग्लोबल गवर्नेंस इनीशटिव्स के केंद्र में रखते हुए।

जी20 नहीं, जी21 कहिए

अब जब अफ्रीकन यूनियन ने जी20 को जी21 में तब्दील कर दिया है, नई दिल्ली इस वैश्विक मंच को ज्यादा इन्क्लूसिव और ज्यादा प्रासंगिक बनाने की अपनी उपलब्धि पर गर्व भरी नजर डाल सकती है। सौ फीसदी सहमति के साथ नई दिल्ली घोषणा को अपनाया जाना तो बस सोने पे सुहागा का काम कर रहा है।

इस बात को लेकर काफी सस्पेंस बना हुआ था कि यूक्रेन मसले पर बन चुकी खाई को भारत कैसे पाटेगा। लेकिन नई दिल्ली के अब तक के स्टैंड के अनुरूप ही जी20 घोषणा ने सभी देशों से अंतरराष्ट्रीय कानूनों और बहुपक्षीय व्यवस्थाओं के मुताबिक शांति तथा स्थिरता बनाए रखने और क्षेत्रीय अखंडता तथा संप्रभुता का सम्मान करने की अपील की। इसके साथ ही मतभेदों को पाटने की भारत की क्षमता वैश्विक स्तर पर पूर्ण रूप में प्रदर्शित हो गई।

एक और चीज जो प्रदर्शित हुई वह थी ग्लोबल प्लैटफॉर्म्स को साझा चुनौतियों का हल देने लायक बनाने की नई दिल्ली की क्षमता। इस मामले में दो बातें खास तौर पर ध्यान देने लायक हैं।

-जीरो उत्सर्जन के टारगेट की दिशा में अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस लॉन्च किया जाना इंटरनैशनल सोलर अलायंस के गठन के बाद भारत का दूसरा इंस्टिट्यूशनल कमिटमेंट है।

-ग्लोबल इकॉनमिक ऑर्डर को ज्यादा इन्क्लूसिव बनाने की भावना के तहत भारत, अमेरिका, पश्चिम एशिया और यूरोपीय युनियन को जोड़ने वाले एक व्यापक रेल और शिपिंग कनेक्टिविटी नेटवर्क की घोषणा की गई।

नतीजा नहीं, प्रक्रिया

आज जब दुनिया की बड़ी शक्तियों के बीच तनाव बढ़ा हुआ है, इस तरह की शिखर बैठक आयोजित करके और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के तरीके पर व्यापक सहमति कायम कर के भारत ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। लेकिन नतीजे चाहे जितने भी आकर्षक लगते हों, वास्तव में पिछले कुछ महीनों में चली जी20 की प्रक्रिया ही दरअसल वह चीज है जिसने वैश्विक मध्यस्थ के रूप में भारत की संभावनाओं को रेखांकित करने का काम किया है। भारत ने विश्व व्यवस्था में अपनी साख काफी बढ़ा ली है। जी20 और भारतीय विदेश नीति दोनों का दर्जा ऊंचा उठ चुका है। उन्हें अब पहले वाली नजर से शायद ही देखा जा सके।

दैनिक पंचांग

21 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कन्या में	कन्या	05.32 बजे से
चंद्र	वृश्चिक में	तुला	07.47 बजे से
मंगल	कन्या में	वृश्चिक	10.02 ब.से
बुध	सिंह में	धनु	12.18 बजे से
गुरु	मेष में	मकर	14.23 बजे से
शुक्र	कर्क में	कुंभ	16.09 बजे से
शनि	कुंभ में	मीन	17.42 बजे से
राहु	मेष में	मेष	19.13 बजे से
केतु	तुला में	वृष	20.53 बजे से
राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक		मिथुन	22.51 बजे से
		कर्क	01.04 बजे से
		सिंह	03.20 बजे से

गुरुवार 2023 वर्ष का 264 वां दिन
दिशाशूल दक्षिण **ऋतु** शरद।
विक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास भाद्रपद **पक्ष** शुक्ला
तिथि षष्ठी 14.15 बजे को समाप्त।
नक्षत्र अनुराधा 15.35 बजे को समाप्त।
योग प्रीति 01.44 बजे रात्र को समाप्त।
करण तैतिल 14.15 बजे तदनन्तर गर 02.00 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 05.9 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 00° 53'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871743
जूलियन दिन 2460208.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1445
महीना रवि उलावल
तारीख 05
विशेष स्कन्द षष्ठी।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
शुभ	05.54 से	07.22 बजे तक	अमृत	05.40 से	07.11 बजे तक
रोग	07.22 से	08.51 बजे तक	चर	07.11 से	08.43 बजे तक
उद्वेग	08.51 से	10.19 बजे तक	रोग	08.43 से	10.15 बजे तक
चर	10.19 से	11.47 बजे तक	काल	10.15 से	11.47 बजे तक
लाभ	11.47 से	01.15 बजे तक	लाभ	11.47 से	01.19 बजे तक
अमृत	01.15 से	02.43 बजे तक	उद्वेग	01.19 से	02.51 बजे तक
काल	02.43 से	04.11 बजे तक	शुभ	02.51 से	04.23 बजे तक
शुभ	04.11 से	05.40 बजे तक	अमृत	04.23 से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

आपका राशिफल 21 सितम्बर

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। शुभांक-3-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-5-6-9

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। आत्मचिंतन करें। शुभांक-4-6-8

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। ''आगे-आगे गौरख जागे'' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-6-9

मार्ग-दर्शन

अपने ही विद्यालय में तिलक ने लिया मामूली वेतन

लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक सदैव ऐसे कार्य करते थे, जो लोकहित से प्रेरित हों। इसके लिए वह कभीअपना भला-बुरा नहीं सोचते थे। यदि उनके हितैषी किसी कार्य से उन्हें होने वाले नुकसान के विषय में आगाह करते, तो वह हंसकर टाल जाते और वही काम करते, जो ज्यादातर के हितों को साधने वाला हो। तिलक शिक्षादान के बहुत बड़े पक्षधर थे। इसके लिए उन्होंने अपनी युवावस्था में ही पुणे शहर में एक विद्यालय आरंभ किया। इस कार्य में बहुतों ने उन्हें हतोत्साहित किया, कई प्रकार की आर्थिक व नियमगत अड़चनें उनके मार्ग में डाली गईं, किंतु तिलक घबराए नहीं और अपने दम पर विद्यालय आरंभ किया। वह स्वयं भी पूर्ण उत्साह से वहां पढ़ाने का कार्य करते थे। इसके लिए वह मात्र तीस रुपए मासिक लेते थे। उनके एक मित्र को जब इस विषय में ज्ञात हुआ, तो उन्होंने कहा- 'इतनी छोटी धनराशि से तो आप देहावसान के बाद अपने शरीर के दाह संस्कार के लिए भी कुछ नहीं बचा सकेंगे।' यह बात सुनकर तिलक बोले- 'भाई! इसकी चिंता मुझे नहीं करनी चाहिए। यदि समाज को ठीक लगेगा, तो लोग मेरी देह का अग्नि-संस्कार कर देंगे। यदि लोगों के मन में मेरे प्रति सम्मान नहीं होगा, तो भी दुर्गंध से बचने के लिए उन्हें अंत में मेरे शव की कोई उचित व्यवस्था करनी ही होगी। अत: मैं अपने लिए देश के हित से समझौता नहीं करूंगा।' सार यह है कि महत्वपूर्ण लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए क्षुद्र स्वार्थों की बलि देनी पड़ती है। ऐसा करने वाले सच्चे अर्थों में महान होते हैं।

जीने की राह

घर में किसी पर विपत्ति आए तो सभी प्रेमपूर्ण हो उससे निपटें

किसी को भी देखने के दो तरीके होते हैं। एक : उसे बाहर से, सतह पर, केवल शरीर की आकृति से देखा जाता है। ऐसा हम तब करते हैं, जब हम भी स्वयं के मामले में इसी पर टिकेरहते हैं। पर यदि हमने अपने भीतर जल रही ज्योति को देखा, आत्मा को जाना, निजता को निहारा तो हम दूसरों में भी वही महसूस करेंगे। यहीं से हमारा व्यवहार बदल जाएगा। तब हम हर इंसान को उसके बाहरी खोल से नहीं, भीतर के व्यक्तित्व से भी जानेंगे। परिवार में यह प्रयोग हमें एक-दूसरे के प्रति प्रेमपूर्ण बनाएगा। सुंदरकांड में हनुमानजी लंका से लौटकर श्रीराम को सीताजी द्वारा दी गई चूड़ामणि देते हैं और उनका मार्मिक संदेश सुनाते हैं। श्रीराम की प्रतिक्रिया ऐसी ही है कि मनुष्य केवल बाहर से न देखा जाए। तुलसीदासजी ने लिखा है- 'सुनि सीता दुख प्रभु सुख अयना, भरि आए जल राजिव नयना' यानी सीताजी का दुख सुनकर सुख के धाम प्रभु के कमल नेत्रों में जल भर आया। यहां तीनों पात्र प्रेम, करुणा और अपनेपन से भरे हुए हैं। सीताजी तो परेशान थी हीं, पर हनुमान ने संदेश के प्रत्येक शब्द में भाव भर दिया था। श्रीराम तो संवेदनशीलता की चरम सीमा पर जीते हैं। इसलिए हमारे परिवारों में जब भी किसी पर विपत्ति आए तो सभी को प्रेमपूर्ण होकर उसे निपटाना चाहिए। इसीलिए श्रीराम ने आगे आश्वासन दे दिया-'बचन कांय मन मम गति जाही। सपनेहुं बूझिअ बिपति की ताही।' मन, वचन, शरीर से जिसे मेरी ही गति, आश्रय है, उसे क्या स्वप्न में भी विपत्ति हो सकती है!

सजायाफ्ता नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध एक बुरा विचार

राजनीति के अपराधीकरण से जुड़ी एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नियुक्त एमिकस क्यूरी ने सुझाव दिया है कि आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए जा चुके नेताओं के चुनाव लड़ने पर हमेशा के लिए रोक लगाई जाए।

अभी दोषसिद्धि पर 6 वर्षों के लिए चुनाव लड़ने पर रोक है। सुझाव में आजीवन प्रतिबंध के पक्ष में जो तर्क दिए गए हैं उनमें सबसे प्रमुख संविधान में दिए गए समानता के अधिकार के उल्लंघन का है क्योंकि इसी तरह की स्थिति में सरकारी नौकरी वालों को बर्खास्त कर दिया जाता है। क्या राजनेताओं के लिए अलग पैमाने हैं? उन्हें उच्च आसन पर रखा गया है?

दोषी ठहराए जा चुके राजनेताओं की अयोग्यता से जुड़ा कानून है जनप्रतिनिधित्व कानून। इस कानून की धारा 8 का उद्देश्य राजनीति के अपराधीकरण पर लगाम लगाना है। यही अयोग्य ठहराए जाने की बुनियाद रखती है। पिछले दो दशकों से इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का रुख कानून की इस तरह से व्याख्या का रहा है कि चुनाव लड़ने वालों

के खिलाफ आपराधिक मामलों के बारे में वोटरों को जानकारी हो। सुप्रीम कोर्ट इस कानून में व्यापक बदलाव से बचता रहा है। हालांकि, एक अपवाद रहा है। 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने कानून की उस धारा को रद्द कर दिया जो दोषी ठहराए जा चुके नेताओं को अपील के लिए समय देती थी। अयोग्यता को तत्काल प्रभाव से लागू किया। यानी दोषी ठहराए जाते ही उसी क्षण जनप्रतिनिधि अयोग्य हो जाएगा।

मार्च 2013 में एक ट्रायल कोर्ट ने राहुल गांधी को मानहानि का दोषी ठहराते हुए 2 साल जेल की सजा सुनाई। वह लोकसभा की सदस्यता से तत्काल अयोग्य ठहराए गए। गुजरात हाई कोर्ट ने बाद में ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी। आखिरकार, अगस्त में सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर रोक लगा दी क्योंकि फैसले में इसके लिए कारण का जिक्र नहीं था और लोकसभा ने उनकी सदस्यता बहाल कर दी।

एडीआर और नैशनल इलेक्शन वॉच ने इसी हफ्ते मौजूदा 763 सांसदों की तरफ से दिए गए हलफनामों का विश्लेषण करते हुए एक रिपोर्ट दी थी। उसके मुताबिक 40 प्रतिशत मौजूदा सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं। जनप्रतिनिधित्व कानून को सख्त करने से राजनीति के अपराधीकरण की समस्या दूर नहीं होगी। भारत के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में कई कमजोरियां हैं। लिहाजा कमजोर आधार पर सजा को बढ़ाने से सरकार को प्रतिद्वंद्वियों को ठिकाने लगाने के लिए सिस्टम का दुरुपयोग करने का ही मौका मिलेगा। समानता की दलील के आधार पर मौजूदा कानून में बदलाव करने का कोई तुक नहीं बनता।

कविता का हाल

कल मैंने एक कविता लिखी। जब तैयार हो गई तो उसे एक बाल्टी पकड़ाई, और कहा- जाओ कुएं से पानी भरकर लाओ। कविता मेरी ही थी, चोरी की नहीं थी सो बेचारी खुशी-खुशी बोरे में कुएं पर चली गई। जो लोग इस पर नाक-मुंह टेढ़ा कर रहे हों कि कविता कुएं पर नहीं जा सकती, वे जान लें कि कविता कहीं भी जा सकती है, कुछ भी कर सकती है। चाहे खुद की हो, या चोरी की हो। कविता के दम पर मैंने कुर्सी बदलते देखी है, घर और शहर तक। राजनीति हो या कूटनीति, कविता बड़े आराम से इन्हें संभाल लेती है। संतरी हो या मंतरी, हर कोई कवि होना चाहता है। आप राह चलते रिक्शेवाले से भी कविता सुन सकते हैं। मैं तकरीबन आधा दर्जन ऐसे रिक्शेवालों को जानता हूं, जो कवि हैं। सड़क उन्हें सादा कागज लगती है। पसली से चिपके पेटों में दम भरकर जब वे पैडल मारते हैं, तो

कभी-कभार पीछे बैठने वाली सवारी तक कवि बन जाती है। गरीबी, लाचारी और आशा ने समूची सृष्टि को कवि बना दिया है, तो पीछे बैठने वाली सवारी की भला क्या बिसात!

कवि में दम होना चाहिए। बेदम कवि बहुत दिनों तक बीड़ी पीते हुए सबका मुंह ही टेढ़ा-सीधा करता रहता है। दम वाला कवि कभी कुछ टेढ़ा या सीधा करने के फेर में नहीं पड़ता। 99 का फेर क्या कम है पड़ने के लिए? और कविता? वो तो मार्केट में अब प्लास्टिक की मिलने लगी है। दो फ्रेंच गुलाब, एक ब्रिटिश, एक संथाली ले ली और थोड़ा सा मिट्टी का नमक मिला लिया। किनारे पड़े एक बड़े कवि से मैंने पूछा, कविता क्या हमेशा से ही ऐसी मिलावटी थी, या यह महज मेरी खामख्याली है? उन्होंने जवाब तो नहीं दिया, अलबत्ता यह जरूर बताया कि मंडी में अब सूखी-सड़ी बासी सब्जियां बहुत आ गई हैं। कुंजड़े उन्हें कविता कहकर बेच रहे हैं। यह कहकर वो सीलिंग फैन ताकने लगे। कवि की अदाएं कुछ ऐसी ही होती हैं। यदि कवि ऊपर पंखा ताक रहा हो, तो जरूरी नहीं कि वो डिप्रेशन में है या कविता सोच रहा है। हो सकता है कि वो वक्त से आंख चुरा रहा हो!

कहते हैं कि हर इंसान में एक शैतान छुपा होता है। बाज दफे तो कई-कई होते हैं। मैं कहता हूं कि हर इंसान में एक कवि छुपा होता है। बल्कि एक कवि में कई-कई कवि छुपे होते हैं। एक बात शीशे की तरह साफ होनी चाहिए कि कुकवि जैसी चीज इस संसार में कोई नहीं। हम किसी भी इंसान को बुरा नहीं कह सकते, चाहे वो कवि ही क्यों न हो! कविता बुरी हो सकती है, कुकविता हो सकती है। कवि तो बेचारा हालात का मारा है। और हालात तो आप को पता ही है कि आज कल ऐसे हैं कि हर कोई इन्हीं का मारा है। इसीलिए मैं कहता हूं, हर कोई कवि है। मेरी कविता वापस आ गई है। बता रही है, कुएं में तो प्लास्टिक के फूल भरे हैं, मगर सड़क अब भी सादा कागज है।

प्रसंगतः ज्ञान की खेती

वाराणसी प्रवास के समय एक बार भगवान बुद्ध अपने शिष्यों के साथ एक किसान के यहां भिक्षा मांगने पहुंचे। किसान ने उन्हें घूरकर देखा और कड़े शब्दों में कहा- ''मैं एक किसान हूँ। मैं कड़ी मेहनत करके अपनी आजीविका कमाता हूँ। आप बिना परिश्रम के भोजन क्यों प्राप्त करना चाहते हैं?'' भगवान बुद्ध ने शांत स्वर में उत्तर दिया, ''भाई मैं भी एक किसान हूँ। मैं ज्ञान की खेती करता हूँ। आत्मा ही मेरा खेत है। मैं ज्ञान के हल से जुताई करके उसमें श्रद्धा के बीज बोता हूँ। साधना एवं तपस्या के जल से उनकी सिंचाई करता हूँ। सत्य और अहिंसा के औजार से उनकी निराई करता हूँ। यदि तुम अपनी खेती का कुछ भाग मुझे दे दो तो मैं भी अपनी खेती का कुछ भाग तुम्हें दे दूंगा।'' किसान महात्मा बुद्ध की बात से बहुत प्रभावित हुआ और उनका शिष्य बन गया। ज्ञान के लिए भी परिश्रम एवं साधना करनी पड़ती है।

RNI Title Code - JHAHIN01027 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा माँ भवानी आर्ट भागलपुर रोड नीयर सिनेमा हॉल दुधानी दुमका से मुद्रित एवं झारखंड देखो कार्यालय मजिस्ट्रैट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से प्रकाशित प्रधान संपादक डॉ. सिकंदर कुमार (मो. नं. 9955599136)
(इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)

गोरी बनने के लिये किचन में रखी ये 3 चीजें हैं बडे काम की

जब हम गोरे लोगों की तरफदेखते हैं तो हमें जलन महसूस होती है और हमारा आत्मविश्वास कम होने लगता है। बल्कि हम ऐसा सोचते हैं कि त्वचा के रंग को बदलने के लिए कुछ नहीं किया जा सकता। हालाँकि यह बात सच है कि हम सेलिब्रिटी लोगों की तरह गोरापन नहीं पा सकते परन्तु यदि आप प्रयत्न करे तो आप भी अपनी त्वचा के रंग को निखार सकती हैं। कई ऐसी कॉस्मेटिक स्किन केयर प्रक्रियाएं हैं जो आपकी त्वचा को गोरा बनाने का वादा करती हैं परन्तु ये काफी महंगी हैं तथा इसके कई नकारात्मक प्रभाव भी होते हैं। तो यदि आप एक सप्ताह के अंदर गोरी त्वचा पाना चाहते हैं तो आप इस होम मेड प्राकृतिक उपचार का उपयोग कर सकती हैं। यह सस्ता है तथा बनाने में आसान है।

फेयरनेस स्किन पैक बनाने की विधि

आवश्यक सामग्री:

हल्दी - 1 टेबलस्पून
टमाटर का रस - 2 टेबलस्पून
नीबू का रस - 2 टीस्पून

प्राचीन सौंदर्य उपचारों में भी यह बताया गया है कि हल्दी से त्वचा का रंग निखरता है। हल्दी मेलेनिन ग्रंथियों को संतुलित करके त्वचा को उजला बनाती है। इसके अलावा हल्दी त्वचा के सूखे पैच और पिगमेंटेशन को भी कम करती है जिससे आपका रंग निखरता है।

टमाटर का जूस भी त्वचा को उजला बनाता है तथा कुछ ही दिनों तक इसका उपयोग करने से त्वचा कोमल हो जाती है क्योंकि यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट करता है। नीबू के रस में अम्लीय गुण होता है जो ब्लीचिंग एजेंट की तरह काम करता है तथा नियमित तौर पर इसका इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा का रंग उजला हो जाता है।

> प्राचीन सौंदर्य उपचारों में भी यह बताया गया है कि हल्दी से त्वचा का रंग निखरता है। हल्दी मेलेनिन ग्रंथियों को संतुलित करके त्वचा को उजला बनाती है। इसके अलावा हल्दी त्वचा के सूखे पैच और पिगमेंटेशन को भी कम करती है जिससे आपका रंग निखरता है।

इसे कैसे बनायें: दी गयी सामग्री की आवश्यक मात्रा को एक कटोरे में मिलाएं। अच्छे से मिलकर पेस्ट बनायें। इस पेस्ट को त्वचा पर लगायें। इसे 15 मिनिट तक लगा रहने दें। फिर ठन्डे पानी तथा साबुन से धो डालें। इस पैक को 7 दिन लगातार लगायें और सकारात्मक परिणाम देखें।

दालचीनी पाउडर और शहद से बनाइये ब्लैकहैड रिमूवर स्ट्रिप

ब्लैकहैड रिमूवर स्ट्रिप आसानी से नहीं मिलती और कभी कभी तो इनका कोई असर भी नहीं होता। सौभाग्य से आप घर पर ही ब्लैकहैड रिमूवर स्ट्रिप बना सकती हैं। विशेष रूप से दालचीनी पाउडर और शहद से। इन दोनों पदार्थों में एंटीबैक्टीरियल गुण होता है जो इस समस्या का अंदर से समाधान करता है। इसके अलावा ये पदार्थ बंद रोम छिद्रों को खोलने में भी सहायक हैं। अब ब्लैकहैड्स को दबाने या मसलने की जरूरत नहीं है क्योंकि आप घर पर ही दालचीनी और शहद से ब्लैकहैड रिमूवर स्ट्रिप बना सकते हैं जिससे आपकी नाक साफ और चिकनी हो जायेगी। यह स्ट्रिप बनाने के लिए आवश्यक सामग्री की मात्रा और इसे उपयोग करने के निर्देश पढें।

> टूथपेस्ट के प्रयोग से पाएं दाग, धब्बों और झुर्रियों से मुक्ती

आवश्यक सामग्री:

1 टीस्पून दालचीनी का पाउडर
3 टेबलस्पून शहद
1 कॉटन स्ट्रिप

> विशेष रूप से दालचीनी पाउडर और शहद से। इन दोनों पदार्थों में एंटीबैक्टीरियल गुण होता है जो इस समस्या का अंदर से समाधान करता है।

उपयोग के निर्देश: दोनों पदार्थों को मिलाकर पेस्ट बनायें। नाक अथवा ठोडी जहाँ भी ब्लैक हैड्स हैं वहां इस पेस्ट को हलके हाथों से लगायें। उसके बाद इस पेस्ट पर कॉटन की साफस्ट्रिप रखें। इस पेस्ट को 5-10 मिनिट तक लगा रहने दें। फिर धीरे से इसे निकालें और चेहरे को पानी से अच्छे धो लें। इसके बाद मॉस्चरिजर लगाने से आपको प्रभावी परिणाम दिखेंगे।

बडी ही टेस्टी है ये कदू की बर्फी

सामग्री-

कदू - 1 कप
घी - 4 चम्मच
चीनी- 200 ग्राम
मावा- 200 ग्राम ,बादाम, काजू, पिस्ता- 1-1 चम्मच (टुकडे किये हुए),इलायची- 4-5 छील कर कूट लें

बर्फी बनाने की विधि-

1.कदू छील कर साफकर लें। फिर इसे घिस लें या फिर इसके छोटे टुकडे कर लें।

2. फिर कढाई में घी डाल कर गरम करें, फिर कदू डाल कर आंच धीमी कर दें और उसे पकने दें। जब कदू पक जाए तब इसमें चीनी मिलाइये।

3.इसे लगातार चलाना होगा नहीं तो कदू तले से चिपकना शुरु हो जाता है।

4.इसमें और 2 चम्मच घी डालिये और इसे भून लीजिये। फिर इसमें मावा मिला कर कुछ देर पकाइये।

5.जब कदू गाढा हो जाए और उसमें से पानी सूख जाए तब आंच बद कर दें।

6.फिर इसमें मेवे मिलाइये और इलायची पावडर डालिये।

7.एक थाली लें, उसमें घी लगाइये, कदू का पेस्ट फैलाइये और 1 घंटे तक जमने के लिये छोड दीजिये।

8.फिर 1 घंटे बाद चाकू से इसे छोटे टुकडों में काट कर सर्व कीजिये और बाकी की बर्फी को किसी डिब्बे में बंद कर के फ्रिज में रख दीजिये।

थकान मिटाकर तरोताजा दिखने के आसान ब्यूटी टिप

एक हल्का ब्लश-आपके थके हुए चेहरे में जान लाने के लिए गाल पर रोसी क्रीम ब्लश लगाएं। इससे आपकी थकी हुई आँखों पर से ध्यान हट जाएगा।

बरौनी को मोड लें-यह तरोताजा और चमकदार दिखने का सबसे कारगर उपाय है। यह आपकी आँखों को खोल देगा और आपको जगा देगा और तरोताजा कर देगा। बरौनी को मोडने के बाद मस्कारा लगा लें।

आँखों के नीचे कंसीलर लगा लें-कभी भी पूरे चेहरे पर कंसीलर न लगाएं, सिर्फथोडा सा आँखों के नीचे लगाएं ताकि आप जगे और तरोताजा लगें। इससे आँखों के नीचे की त्वचा बराबर हो जायेगी और आपकी आँखें बडी,फ्रेश और आप जगी हुई लगेंगी।

चेहरे को एक्सफोलिएट करें-चेहरे को ठन्डे पानी से धोएं और उसके बाद उसे स्क्रब करें। आप ओट्स को स्क्रबर की तरह इस्तमाल कर सकती हैं। इससे डेड सेल हट जाते हैं और आपकी त्वचा गोरी हो जाती है।

आँखों के नीचे बर्फ-कुछ बर्फके टुकडे लें और आँखों को बंद कर उसे उनपर 5 मिनट तक रखें। इससे आपके थके हुए आँखों की सूजन में कमी आएगी। आप बर्फको चेहरे पर घिस सकते हैं जिससे चेहरे की सूजन में कमी आएगी।

आँखों की क्रीम को फ्रिज में डालें-आखों की क्रीम को फ्रिज में डालें और सुबह को इसी क्रीम को आँखों के नीचे लगाएं। इससे आँखों के नीचे की त्वचा कसेगी और सूजन भी कम होगा।

आँखों का मसाज करें-आँखों के नीचे और ऊपर क्रीम लगाते हुए त्वचा का मसाज करें। इससे खून का प्रवाह इस क्षेत्र में बढेगा और आँखों का सूजन कम होगा। यह जगा हुआ और तरोताजा दिखने का सही उपाय है।

जानिए जैतून के तेल के 10 बेहतरीन लाभ

1 **जैतून** के तेल में फैटी एसिड की पर्याप्त मात्रा होती है जो हदय रोग के खतरों को कम करती है। मधुमेह रोगियों के लिए यह काफी लाभदायक है। शरीर में शुगर की मात्रा को संतुलित बनाए रखने में इसकी खास भूमिका है। इसलिए आहार में भी इस तेल का प्रयोग किया जाता है।

2 इसमें संतृप्त वसा की मात्रा कम होती है जिससे शरीर में कॉलेस्टेरोल की मात्रा को भी संतुलित बनाए रखने में मदद मिलती है। इससे हदयाघात का खतरा काफी कम हो जाता है।

3 जैतून के तेल में एंटी-ऑक्सीडेंट की मात्रा भी काफी होती है। इसमें विटामिन ए, डी, ई, के और बी-कैरोटिन की मात्रा अधिक होती है। इससे कैंसर से लडने में आसानी होती है साथ ही यह मानसिक विकार दूर कर आपको जवां बनाए रखने में भी मदद करता है।

4 ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में किए गए एक शोध के अनुसार जैतून का तेल आंत में होने वाले कैंसर से बचाव करने में अहम भूमिका निभाता है। इसके अलावा यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाने में मदद करता है।

5 जैतून के तेल में कैल्शियम की काफी मात्रा पाई जाती है, इसलिए भोजन में इसका उपयोग या अन्य तरीकों से इसे आहार में लेने से ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से निजात मिलती है।

6 जैतून के तेल में संतृप्त वसा लगभग ना के बराबर होता है जिससे यह आपके शुगर लेवल को नियंत्रित करता है। साथ ही इसे खाने से बॉर्डर लाइन डायबीटिज होने का खतरा 50 प्रतिशत तक कम हो जाता है।

7 लंबे समय तक जैतून के तेल को आहार में शामिल करने पर यह शरीर में मौजूद वसा को खुद ब खुद कम करने लगता है। इससे आपका मोटापा कम होता है, वह भी हेल्दी तरीके से।

8 विटमिन ए, बी, सी, डी और ई के साथ-साथ जैतून के तेल में आयरन और पर्याप्त मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं, जो बालों की कोमलता और मजबूती बढाने में मदद करते हैं। यह ओलेइक एसिड और ओमेगा-9 फैटी एसिड का भी अच्छा स्रोत है।

9 त्वचा के लिए जैतून का तेल बहुत फायदेमंद है। रोजाना चेहरे पर इसकी मसाज करने से त्वचा की झुर्रियां समाप्त हो जाती हैं और त्वचा में नमी और चमक बनी रहती है।

10 जैतून के तेल को मेकअप रिमूवर के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। इसके प्रयोग से त्वचा रूखी भी नहीं होती और त्वचा का रंग गोरा होता है। यह त्वचा को पोषण प्रदान करता है।

> जैतून का तेल एक स्वास्थ्यवर्धक तेल है। इसका प्रयोग कई तरह की बीमारियों में लाभदायक होता है साथ ही यह त्वचा संबंधी समस्याओं और सौंदर्य बढाने के लिए भी खूब प्रयोग किया जाता है। अगर आपको नहीं पता इस कीमती तेल के अनमोल गुणों के बारे में, तो अभी पढिए और जानिए जैतून के तेल के यह 10 लाभ -

हेल्थ प्लस

सूप से घटता है वजन

> वैज्ञानिकों का कहना है कि सूप पीने से भूख शांत होती है। नतीजतन आप जरूरत से ज्यादा भोजन नहीं ग्रहण करती हैं। यही नहीं सूप पीने से शारीरिक कमजोरी भी दूर होती है, कारण सूप से शरीर को कैलोरी के साथ-साथ एनर्जी भी मिलती है।

अगर आप अपना वजन घटाना चाहती हैं तो प्रतिदिन रात में भोजन करने से पहले एक कप सूप का सेवन जरूर करें। रोजाना रात के भोजन से पहले सूप पीने से वजन घटाने में काफी मदद मिलती है। अमेरिका में हुए एक अध्ययन के अनुसार यदि आप रोजाना सूप का सेवन करती हैं और रात में सोने से पहले करीब आधा घंटा टहलती हैं तो आप अपना वजन काफी कम कर सकती हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि सूप पीने से भूख शांत होती है। नतीजतन आप जरूरत से ज्यादा भोजन नहीं ग्रहण करती हैं। यही नहीं सूप पीने से शारीरिक कमजोरी भी दूर होती है, कारण सूप से शरीर को कैलोरी के साथ-साथ एनर्जी भी मिलती है। इसलिए अगर आप अपना वजन कम करना चाहती हैं तो सूप को अपने भोजन का हिस्सा जरूर बनाएं।

स्लिम-ट्रिम हैं तो भी करें एक्सरसाइज

अब तक ऐसा माना जाता था कि एक्सरसाइज सिर्फमोटापे के शिकार लोगों के लिए जरूरी है। दुबली-पतली कद-काठी वालों को भला इसकी क्या जरूरत अगर आप भी ऐसा सोचकर व्यायाम से जी चुराते हैं तो अनजाने में अपनी उम्र घटा रहे हैं। कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने 3.35 लाख वयस्कों पर एक्सरसाइज का असर आंकने के बाद यह निष्कर्ष निकाला है। 12 साल तक चले इस अध्ययन में उन्होंने पाया कि एक्सरसाइज से दूरी मोटापे से भी ज्यादा जानलेवा है। इसीलिए लंबी उम्र जीने के लिए सिर्फवजन पर काबू रखना ही काफी नहीं, बल्कि शारीरिक रूप से सक्रिय रहना भी बेहद जरूरी है। शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि 20 मिनट की चहलकदमी भी असामयिक मौत का खतरा टालने में काफी असरदार है। इससे न सिर्फ कैलरी खर्च होती है, बल्कि ब्लड शुगर, रक्तचाप, कोलेस्ट्राल और स्ट्रेस हॉर्मोन कॉर्टिसोल के स्तर में भी कमी आती है। कुछ लोग एक्सरसाइज से बचने के लिए वजन घटाने वाली दवाओं का सहारा लेते हैं, पर ऐसी दवाएं सेहत के लिए नुकसानदेह साबित होती हैं। अमेरिका में हाल ही में जारी एक उपभोक्ता सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार बाजार में उपलब्ध ऐसी दवाएं मोटापे पर काबू पाने में असरदार नहीं होतीं। खाद्य एवं औषधि प्राधिकरण द्वारा किए गए सर्वे में 3,000 अमेरिकी शामिल हुए। इनमें से 25 फीसदी मोटापा घटाने के लिए दवाओं व अन्य सप्लीमेंट्स पर निर्भर थे। तीन महीने बाद जब इन प्रतिभागियों का वजन लिया गया तो 90 प्रतिशत से ज्यादा लोगों पर इनका कोई असर नहीं हुआ। इतना ही नहीं ब्रिटेन की फिटनेस फर्म 'टॉम-टॉम' ने एक हजार लोगों पर अध्ययन के बाद यह भी सलाह दी है कि एक्सपर्ट की निगरानी के बगैर अपने मन से कोई एक्सरसाइज नहीं करनी चाहिए।

जानिए परवल के 10 स्वास्थ्यवर्धक गुण

> हरी सब्जियों में मशहूर परवल, भोजन में कई लोगों की खास पसंद होता है। वहीं कई लोग ऐसे भी होते हैं, जो इसे बिल्कुल पसंद नहीं करते। लेकिन स्वाद के आधार पर इसे पसंद या नापसंद करने अलावा क्या आप इसके स्वस्थ्यवर्धक गुणों को जानते हैं। यदि आप अब तक नहीं जानते इसके स्वस्थ्यवर्धक गुणों को, तो अब जरूर जान लिजिए, कि यह सब्जी आपकी सेहत के लिए कितनी फायदेमंद है -

हम आपको बता दें, कि परवल को पौष्टिक सब्जियों में से एक माना जाता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो आपकी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं।

1 इसमें विटामिन-ए, विटामिन-बी1, विटामिन बी2 और विटामिन-सी के अलावा कैल्शियम भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो कैलोरी की मात्रा कम कर कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करता है।

2 सौ ग्राम परवल के छिलकों में 24 कैलोरीज होती है और इसमें मैग्नीशियम, पोटैशियम, फास्फोरस भी भरपूर मात्रा में होता है। आयुर्वेद के अनुसार परवल में त्वचा के रोग, बुखार और कब्ज की समस्याओं को खत्म करने वाले औषधीय गुण होते हैं।

3 परवल में जो बीजों में कब्ज को दूर करने के गुण होते हैं इसके अलावा ये बीज रक्त में शर्करा और फैट्स को नियंत्रित करने का कार्य भी करते हैं। पेशाब संबंधी रोगों और मधुमेह की समस्या के लिए भी परवल बेहद लाभदायक है।

4 परवल में भरपूर मात्रा में फाइबर्स होते हैं, जो क्रिया को बेहतर कर, पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है। आयुर्वेद के अनुसार गैस की समस्या होने पर परवल को इलाज के तौर पर अपनाया जाता है।

5 खून साफकरने के लिए परवल काफी फायदेमंद होता है। कफकी समस्या होने पर भी परवल असरदार माना जाता है। खून साफकर, यह हमारे चेरे को कांतिमय बनाने में मदद करता है।

6 परवल एंटीऑक्सीडेंट्स से भी भरपूर होता है, जो बढती उम्र के निशानों जैसे झाइयों, झुर्रियों और बारीक रेखाओं को कम कर त्वचा में कसाव लाने में मदद करते हैं। तनाव से निपटने में भी यह सहायक है।

7 आयुर्वेद के अनुसार परवल शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाकर बीमारियों से लडने में मदद करता है। यह बुखार, खांसी, सर्दी, त्वचा संक्रमण और घावों के उपचार में भी लाभप्रद होता है।

8 भूख न लगने की स्थिति में परवल खाना काफी लाभदायक होता है। परवल के सेवन से पेट के कीडे भी मर जाते हैं और यह पीलिया के उपचार में भी सहायक है।

9 परवल के बीजों या उसकी पत्तियों का इस्तेमाल सिरदर्द या शरीर के किसी भाग में होने वाले दर्द के उपचार में किया जाता है। इन्हें पीसकर लेप लगाने से दर्द में आराम मिलता है।

10 परवल की सब्जी खाने से पेट की सूजन दूर होती है, और पेट में पानी भरने की गंभीर समस्या में लाभ होता है। इसके पत्तों के लेप से फोडे, फुंसी और त्वचा संबंधी अन्य रोग जल्द ही समाप्त हो जाते हैं।